पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 11.00
सूर्यास्त (आज) 17.32
सूर्योदय (कल) 06.31
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 75,366.17 ● निफ्टी 22,829.15 ● डॉलर 86.28 ₹ ● सोना 81,060 ₹ ● चांदी 1,04,000 ₹

पेज 06 सात्विक राजनीति के उन्नायक बन... पेज 08 नवादा में व्यवसायी को गोली मारकर...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
माघ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत 2082

पेज 10



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 28 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 205 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह : मालवाहक ट्रक ने चार को कुचला, दो की मौत

**गिरिडीह।** जिले देवरी थाना इलाके के मंडरो और चितरोकुरो में सिमेन्ट लोडेड एक ट्रक ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बच्चें सहित दो लोगों की मौत हो गयी। आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आ लगा दी। हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला। घटना सोमवार दोपहर की है। ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिर्जागंज की है। जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था। घटना उस वक्त घटी जब पिता-पुत्र दुकान से सामान खरीद कर निकल रहे थे। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक भागने लगा। भागने के क्रम ट्रक ने देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में सुखदेव यादव नामक व्यक्ति को कुचल दिया।

### ईडी ने शेरोन बायो मेडिसिन कंपनी की 79.78 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 220 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य कंपनी की 79.78 करोड़ रुपये की अचल-संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) तहत की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मेसर्स शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य कंपनी की 79.78 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां महाराष्ट्र के नवी मुंबई, मुंबई, सतारा, रायगढ़ और उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल में स्थित फ्लैट, भूखंड, होटल और कृषि भूमि के रूप में हैं। ईडी ने कहा कि शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य के खिलाफ इस मामले में अब तक कुल 96.20 करोड़ रुपये की अचल-संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है।

### सैफ अली खान मामले में बंगाल से महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** मुंबई पुलिस ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चापड़ा से एक महिला को बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले में गिरफ्तार किया। जांच में यह सामने आया है कि हमले के मुख्य आरोपित बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम कार्ड अपने नाम पर पंजीकृत था। मुंबई पुलिस की दो सदस्यीय टीम रविवार को पश्चिम बंगाल पहुंची और इस मामले में छापेमारी की। राज्य पुलिस के साथ मिलकर महिला को गिरफ्तार किया गया है। इसी महिला ने हमलावर को रहने में मदद भी की थी और उसे सिम खरीदने के लिए अपना सारा डॉक्यूमेंट दिए थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में किया झंडोत्तोलन, कहा-

# हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं झारखंड के महान विभूतियों की संघर्ष गाथा

संवाददाता

**दुमका/रांची।** प्रकृति की गोद में बसे संथाल परगना की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं वीर सपूतों की बलिदानी भूमि से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि इतिहास गवाह है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पहले भी झारखण्ड के कई आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र थे, जहाँ आजादी की लड़ाई लड़ी गई। झारखण्ड के ऐसे महान विभूतियों भगवान बिरसा मुण्डा, तिलका मांझी, वीर शहीद सिद्धो-कान्हू, चाँद-भैरव, बहन फूलो-झानो, वीर बुधु भगत, जतरा टाना भगत, नीलाम्बर-पीताम्बर, शेख भिखारी, टिकैत उमराँव सिंह, पाण्डेय गणपत राय, शहीद विष्वनाथ शाहदेव को नमन करता हूँ। उनकी संघर्ष गाथा आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

हेमन्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, शहीदे आजम भगत सिंह और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेदकर सहित उन महान विभूतियों को, जिनके नेतृत्व में देश ने स्वतंत्रता प्राप्त की और एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए, को भी नमन किया।






### महिला सशक्तीकरण हमारी पहली प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। आज से लगभग पांच महीने पहले हमारी सरकार ने झारखंड की बहनों-दीदियों की आर्थिक स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के व्यापक उद्देश्य से मंईयां सम्मान योजना के रूप में एक क्रांतिकारी योजना की शुरुआत की थी। क्रांतिकारी इसलिए, क्योंकि झारखंड की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि एवं ग्रामीण परिवेश में यह योजना व्यापक बदलाव लाने का सामर्थ्य रखती है। प्रारम्भ में, इस योजना के तहत 18-50 वर्ष उम्र तक की सभी बहनों, दीदियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सम्मान राशि उनके बैंक खाते में उपलब्ध कराने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया था। हमने 1000 रुपये की सम्मान राशि को बढ़ाकर 2500 रुपये करने का वादा अपनी बहनों, दीदियों से किया था। हमने जो कहा वह किया और इस योजना के शुरू होने के पांच महीने के अंदर ही सम्मान राशि को प्रतिमाह 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया है।

### स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे संविधान की मूल भावना हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी, 1950 को हमने अपने संविधान को पूर्णतः लागू किया था। दासता के दुःख भरे इतिहास को भुलाकर एक स्वर्णिम भविष्य की आकांक्षाओं के साथ हमने अपने संविधान को अपनाया और एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लिया जहाँ न तो आर्थिक विषमता हो और न सामाजिक भेद-भाव। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे संविधान की मूल भावना है और इन्हीं आदर्शों से उस ठोस आधारशिला का निर्माण हुआ है, जिन पर हमारा गणतंत्र मजबूती से खड़ा है।

## हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है : राज्यपाल



संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में तिरंगा झंडा फहराया। इसके बाद राज्यपाल ने खुली जीप से सशस्त्र बल के परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

मौके पर राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार है- हमारा संविधान। आज इस अवसर पर मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों को भी नमन करता हूं। हमारा संविधान लोकतंत्र का एक पवित्र ग्रंथ है, जो हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसका पूरा सम्मान करें क्योंकि संविधान किसी भी राष्ट्र की शासन प्रणाली का मजबूत आधार होता है। यह शासन की प्रकृति और प्रक्रिया को परिभाषित करता है। इसी के माध्यम से विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना और उनके काम-काज के नियम निर्धारित किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपना पद संभालने से पहले संविधान की शपथ लेते हैं। मैं झारखंड के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करता हूं कि वे संविधान के अनुसार अपने कार्यों और कर्तव्यों का निर्वह्न करें। हमारा संविधान अनेक शाश्वत मूल्यों को अपने-आप में समाये हुए है, जो हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। हमें संविधान में निहित मूल्यों को अत्यधिक सावधानी और सर्तकता के साथ संरक्षित करने की आवश्यकता है।

लोकतंत्र की सफलता की कुंजी सुशासन में है; गण के प्रति शासन-तंत्र की जवाबदेही में है। नागरिकों के प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी को समझना और उसे पूरा करना सरकार का परम कर्तव्य है। राज्य सरकार प्रदेश को खुशहाल बनाने एवं प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के साथ अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर रही है और एक पारदर्शी, संविधाननिष्ठ और संवेदनशील, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की स्थापना की ओर अग्रसर है।

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से जुड़ी बहस को आगे बढ़ाएं युवा : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को युवाओं से अपील की कि वे 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से जुड़ी बहस को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि विषय युवाओं से जुड़ा है और उन्हें इस पर अपने विचार रखने चाहिए। चुनावों से बड़े स्तर पर पढ़ाई प्रभावित होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वार्षिक 'राष्ट्रीय कैडेट कोर' पीएम रैली में भाग लिया और करिअप्पा परेड ग्राउंड में एनसीसी के युवा कैडेट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के विचार का समर्थन किया और कहा कि आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते रहे हैं। बाद में यह पैटर्न बदल गया और इसका नुकसान देश को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में वोटिंग लिस्ट अपडेट जैसे बहुत सारे काम होते हैं। इसमें अक्सर हमारे शिक्षकों की ड्यूटी लगती है जिस कारण से पढ़ाई प्रभावित होती है।



### युवाओं और देश का सामर्थ्य बढ़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में युवाओं के सामने आ रही अनेक बाधाओं को दूर करने का काम किया है। इससे युवाओं और देश का सामर्थ्य बढ़ा है। भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी है और नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया है। इसी तरह से एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया है। कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में चुना जाना अपने आप में एक उपलब्धि है।

भूमि अधिग्रहण जनहित याचिका

### हाईकोर्ट सख्त, मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में भूमि अधिग्रहण विस्थापित और पुनर्वास किसान समिति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है या नहीं। इस पर प्रार्थी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अदालत के आदेश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अदालत ने राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। याचिका में खनन विभाग में एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखने को नियम विरुद्ध बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई।

# उत्तराखण्ड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना

एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने किया समान नागरिक संहिता की अधिसूचना का अनावरण
- यूसीसी पोर्टल पर सबसे पहले मुख्यमंत्री ने कराया अपने विवाह का पहला पंजीकरण



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने की अधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि आज का दिन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे भारत वर्ष के लिए ऐतिहासिक है। आज से उत्तराखंड में समाज में समानता स्थापित करने के लिए, समान नागरिक संहिता लागू हो गई है।

सोमवार को सीएम आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत तौर पर समान नागरिक संहिता की अधिसूचना का अनावरण, यूसीसी पोर्टल का भी शुभारंभ और यूसीसी नियमावली बुकलेट का विमोचन किया। यूसीसी पोर्टल पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अपने विवाह का पहला पंजीकरण कराया, जिसका प्रमाणपत्र मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूसीसी के तहत सर्वप्रथम पंजीकरण कराने वाले पांच आवेदकों को भी प्रमाणपत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तय करने के लिए विशेषज्ञ कमेटी ने 2.35 लाख लोगों से सम्पर्क साधा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करके राज्य सरकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ बी.आर. अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को सच्ची भावांजलि दे रही है।

### एनवीएस-2 की लॉन्चिंग 29 जनवरी को : इसरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का जीएसएलवी-एफ15 सैटेलाइट एनवीएस-दो के साथ आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। एनवीएस-2 उपग्रह को 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 23 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। सोमवार को इसरो ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले इसरो ने रविवार को बताया कि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ15 का सैटेलाइट एनवीएस-02 के साथ इंटीग्रेशन पूरा हो गया है। यह रॉकेट जिसमें स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज है, 29 जनवरी को लॉन्च किया जाएगा। इस रॉकेट पर सैटेलाइट एनवीएस-02 होगा। यह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 100वां मिशन होगा। नेविगेशन विद इंडियन कंस्टेलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से 1,500 किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि जीएसएलवी-एफ12 ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था।













हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 28 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम से मिले बिरसा कृषि विवि के कुलपति



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ. एस. सी. दुबे ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके बीएयू मैदान में आगामी 8 फरवरी 2025 से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय किसान एग्रोटेक मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन



**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात की। रघुवर दास ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ईशान किशन की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ईशान किशन, झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान विराट सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी मोनू सिंह ने जमशेदपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। मैंने उन्हें उनके सफल और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### ऐसे ही दोना पत्तल एवं मिट्टी से निर्मित कुल्हड़ का प्रयोग करें: उपायुक्त



**रांची।** गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोतोलन के पश्चात विकास भवन में पलाश आजीविका दीदी कैफे की दीदियों के द्वारा बनाया सुबह का जलपान का स्वाद चखा। उन्होंने विशेष रूप से कहा की स्वाद और शुद्धता काफी अच्छी है। उन्होंने निर्देश देते कहा की जहां भी पलाश अजीविका दीदी कैफे का संचालन किया जा रहा है। वहां ऐसे ही दोना पत्तल एवं मिट्टी से निर्मित कुल्हड़, प्लेट इत्यादि का प्रयोग करें। जिससे कि प्लास्टिक मुक्त जिला की परिकल्पना को साकार किया जा सकें।

### नगर निगम कार्यालय में संदीप सिंह ने झंडा फहराया



**रांची।** 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर रांची नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह के द्वारा रांची नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, कार्यालय अधीक्षक, सभी नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक एवं निगम के सभी अभियंताग व कर्मी उपस्थित थे

# पैनम कोल माइंस के अवैध खनन मामले में सीबीआई जांच की मांग

संवाददाता

**रांची ।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खनन विभाग के सचिव कोर्ट के आदेश पर सशरीर उपस्थित हुए। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इस पर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित होने पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था।

उल्लेखनीय है कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है। झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिले में पैनम माइंस नाम की कंपनी को कोयला खनन का लीज सौंपा था लेकिन आरोप है कि कंपनी ने लीज से ज्यादा कोयला खनन किया है जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल की है।




**मनरेगा घोटाले में हाईकोर्ट ने जनहित याचिका निष्पादित कर बंद की**

झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई पूरी कर सोमवार को जनहित याचिका निष्पादित करते हुए मामला बंद कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अब इसमें कोई मुद्दा शेष नहीं है, पुलिस और एसीबी की ओर से मामले में जांच की गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। उल्लेखनीय है कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में 200 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी की डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया।

अरुण कुमार दुबे ने आरोप लगाया था कि एसीबी से पूरे मामले की जांच करायी गयी, लेकिन उसमें तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच नहीं की गयी।

उपायुक्त के द्वारा ही चेक पर हस्ताक्षर किया जाता था। उनकी भूमिका की ईडी से जांच कराने का आग्रह किया गया। अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दायर कर खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी। बाद में हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

**निशिकांत दुबे समेत 28 भाजपा नेताओं को राहत**

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की झारंखड सरकार की याचिका

एजेंसी

**रांची/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से झारखंड सरकार को झटका लगा है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें 2023 में एक विरोध प्रदर्शन को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और बाबुलाल मरांडी समेत 28 भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया था। जस्टिस एएस ओका ने झारखंड सरकार की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनों को रोकने के लिए बार-बार धारा 144 लगाने पर सवाल उठाया।

कोर्ट ने कहा कि ये प्रवृति ठीक नहीं है कि लोगों के प्रदर्शनों को रोकने के लिए धारा 144 लगाया जाए। ये एक खराब संकेत देता है। अगर कोई प्रदर्शन करना चाहता है तो धारा 144 लगाने की क्या जरूरत है। ऐसा कर धारा 144 का दुरुपयोग किया जा रहा है।



भाजपा नेताओं के खिलाफ 2023 में दंगा करने की एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में कहा गया था कि धारा 144 लगने के बावजूद दंगा फैलाने के मकसद से प्रदर्शन किया गया था। झारखंड पुलिस के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़ना और पत्थर और बोतलें फेंकना शुरू कर दिया था। झारखंड हाई कोर्ट ने अगस्त 2024 में निशिकांत दुबे समेत दूसरे आरोपितों पर दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दी थी।

## राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने किया पौधारोपण



वरीय संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में दशम फॉल में टूरिज्म फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में टूर एंड ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने सहयोग किया। कार्यक्रम के तहत दशम फॉल में 200 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इसके अलावा दशम फॉल के विभिन्न जगहों पर प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत 20 इको फ्रेंडली डस्टबिन भी लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान दशम फॉल घूमने आए पर्यटकों से मुलाकात कर राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दी गई और उन लोगों से झारखंड में पर्यटन को कैसे बढ़ावा दिया जाए एवं कैसे विकास किया जाए, इस पर उनके सुझाव लिए गए। उनके बीच टॉफी और मिठाइयों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में दशम फॉल में कार्यरत पर्यटक मित्रों को शॉल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टूर एंड ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष अमरदीप सहाय, सचिव राजेश शुक्ला, सह सचिव शंकर राय, कन्हैयालाल गुप्ता, रमेश प्रसाद, योगेश्वर यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू




संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंड में स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय है। पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। सरकार की इस पहल को अभिभावकों ने भी हाथों हाथ लिया और पिछले साल लगभग सभी जगह बड़ी संख्या में नामांकन हुए। इस वर्ष भी इसमें नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन के लिए दिए गए लिंक पर जाकर आवेदन दिया जा सकता है। https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission सीबीएसई पैटर्न पर चलते हैं सभी स्कूल मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पूरी तरह सीबीएसई पैटर्न पर चलाये जाते हैं। प्रथम चरण में 80 स्कूल सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं।

आने वाले समय में इनकी संख्या चार हजार 496 तक की जाएगी। इस विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर योग्य शिक्षकों के चयन तक में खास ख्याल रखा जाता है। हर स्कूल में लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ्स लैब, पुस्तकालय के साथ-साथ स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ छात्रों के शारीरिक विकास के लिए हर विद्यालयों में खेलकूद की पूरी सुविधा की गयी है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन जमा करने की तारिख 20 जनवरी, 2025 से 10 फरवरी, 2025 तक रखी गयी है। इस सूचना के बाद अभिभावकों में खासा उत्साह है।

## महावीर नायक को पद्म अलंकरण पर प्रदेश भाजपा ने दी बधाई, जताया आभार



संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झारखंड की प्रतिभाओं को लगातार पद्म अलंकरण से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। तथा झारखंड के लोक गायक महावीर नायक को बधाई और शुभकामनाएं दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ,सांसद दीपक प्रकाश, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

मरांडी ने सोमवार को कहा कि भिनसरिया राग के लिए विख्यात महावीर जी ने नागपुरी गीतों के माध्यम से झारखंड की कला और संस्कृति की समृद्धि एवं संरक्षण में अतुल्य योगदान दिया है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि मोदी सरकार लगातार झारखंड की प्रतिभाओं को पद्म अलंकरण से सम्मानित कर रही है। यह झारखंड की कला संस्कृति और साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है।

भाजपा के सांसद दीपक प्रकाश ने आज पद्म अलंकरण से सम्मानित महावीर नायक से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कारों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छुपे कोहिनूरों को सम्मानित करने का काम कर रहे हैं और इसी कड़ी में गुदड़ी के लाल महावीर नायक पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुने गए हैं। उन्होंने महावीर नायक को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं मोदी का आभार जताया है

## आर्मी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



संवाददाता

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल में 26 गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसे स्कूल के प्रधानाचार्य, अभय कुमार सिंह ने किया। बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जिसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने राष्ट्रगान गाया और देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति की। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने छात्रों से देश की सेवा में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी और उनकी मेहनत और देशभक्ति की सराहना की। समारोह का समापन सभी को मिठाइयां बांट कर किया गया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेल अदालत का हुआ आयोजन

संवाददाता

**रांची।** झालसा के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, देवाशीष महापात्रा, योगेश कुमार सिंह, सचिंद्र बिरूआ, संजीव झा, राजेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार एवं पवन कुमार उपस्थित थे। जेल अदालत के मामलों की देखभाल के लिए न्यायायुक्त, रांची के द्वारा एक समिति गठित की गई थी , जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, डालसा सचिव और दो अन्य न्यायिक अधिकारी, अभिषेक श्रीवास्तव और मनोज कुमार इंदवार शामिल थे। जो रांची न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारियों के समक्ष वादों के निस्तारण के लिए



लंबित सभी बंदी अभिलेखों में उपयुक्त मामलों की पहचान की। और इस कार्य में लिगल ऐड डिफेंश काउन्सेल सौरभ पांडे और बीरेंद्र प्रताप ने समिति को अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया है।

कुल मिलाकर 60 अभिलेखों की पहचान की गई, जिन्हें 26 जनवरी को जेल अदालत के समक्ष रखा गया, जिसमें सभी संबंधित अभियुक्तों ने स्वेच्छा से अपना अपराध स्वीकार करने के लिए सहमति व्यक्त की है और इसके लिए संबंधित न्यायालय और डीएलएसए, रांची को अपना बंदी आवेदन भी भेजा है। तदनुसार, बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में उक्त जेल अदालत में उपर्युक्त सभी मामलों को संबंधित न्यायालयों द्वारा सुना गया और सुनवाई के बाद इन वादों में संसीमित 64 अभियुक्तों के मामलों का निपटारा किया गया। ज्ञात हो कि एक अभियुक्त प्रहलाद लोहरा जो साहेर गांव नगड़ी का रहनेवाला था, उस पर आरोप था कि उसने गांव के ही मंदिर में प्रवेश कर दानपेटी चुरा लिया था, जिसमें कुल 855 रूपया था। इसी के मद्देनजर नगड़ी थाना में अभियुक्त के विरूद्ध नगड़ी थाना कांड संख्या 172/2024 दर्ज किया गया था। अभियुक्त दिनांक 30.08.2024 से लेकर अब तक काराधीन था, कारा में बितायी गयी अवधि का लाभ देते हुए एवं बरामदगी की रकम को ध्यान में रखते हुए न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत कुमार गुप्ता के द्वारा इनके वाद का निष्पादन किया गया और अभियुक्त को कारा से मुक्त किया गया।

# सहकारिता क्षेत्र में वही करें, जो राज्यहित में हो: सीएस

संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में हमें वही करना है, जो राज्यहित में हो। वह सोमवार को राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधनों और अधिकतम लोगों की जरूरत के अनुसार ही सहकारिता विकास की योजना तय करें। कुछ जिलों में सहकारिता बैंक की शाखा खोलने के मुद्दे पर उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक पहले अपनी स्थिति मजबूत करे, फिर विस्तार की योजना पर काम करे।

उन्होंने कहा कि वैसी विकास योजनाएं न लें, जो बाद में राज्य पर बोझ साबित हों। वहीं सहकारिता विभाग के कुछ प्रस्तावों पर उन्होंने



और कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्ताव राज्य के इको सिस्टम के अनुरूप होने चाहिए।

**राज्य के 1270 लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हुए**

राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक में बताया गया कि राज्य के चयनित 1500 लैम्पस-पैक्स में से 1270 कंप्यूटरीकृत होकर ऑनलाइन हो चुके हैं। शेष 230 समितियों को 31 मार्च तक कंप्यूटरीकृत कर लेने का लक्ष्य है।

वहीं राज्य के शेष बचे 2949 लैम्पस-पैक्स के कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। जो लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हो गये हैं, उन्हें प्रज्ञा केंद्र के रूप में सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए बैठक में इन समितियों को झारसेवा लॉगिन आइडी देने का निर्णय लिया गया।

**13 लाख क्विंटल से अधिक खरीदी जा चुकी है धान**

बैठक में बताया गया कि 724 धान अधिप्राप्ति केंद्रों से 25 जनवरी 2025 तक कुल 1306356.33 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। खरीदी की निर्धारित अवधि कम होने को ध्यान में रखते हुए शेष 75 क्रय केंद्रों को कार्यशील बनाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य किया जा रहा है।

बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 100 प्राथमिक दुग्ध सहकारी समिति के निबंधन के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 65 का निबंधन हो चुका है, जबकि 37 निबंधन के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

**2.57 लाख टन हुआ मत्स्य उत्पादन**

राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 में तीन लाख टन मछली उत्पान के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2.57 लाख टन उत्पादन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह उत्पादन 2.80 लाख टन था। बताया गया कि अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रत्येक जिले में निर्मित एवं विकसित सरोवरों में मत्स्यजीवी सहयोग समितियां लिमिटेड के गठन के लिए सहकारिता एवं मत्स्य प्रभाग में समन्वय कर अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 33 प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति का गठन हो चुका है। इसके अतिरिक्त बैठक में गोदाम निर्माण, लैम्पस-पैक्स को कमरा उपलब्ध कराने, रसोई गैस डिस्ट्रिब्यूटरशिप, रिटेल पेट्रोल-डीजल आउटलेट खोलने, विभिन्न जिलों में जन औषधि केंद्र खोलने, उर्वरक लाइसेंस, लैम्पस-पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने, झारखंड में नवनिर्मित सहकारी प्रशिक्षण संस्थान को इंस्टीट्यूट ऑफ कोआपरेटिव मैनेजमेंट के रूप में विकसित करने इत्यादि मसलों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीकी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व सचिव चंद्रशेखर, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, निबंधक सहयोग समितियां सूरज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर तीन शिक्षकों को शिक्षक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस के मौके पर उपायुक्त आवासीय कार्यालय में रांची जिलान्तर्गत अवस्थित प्रारम्भिक विद्यालयों के शिक्षकों में से चयनित तीन शिक्षकों को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सम्मानित किया। इस मौके पर उपायुक्त ने विशेष रूप से पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से कहा की आप का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, आपके हाथों में राज्य और देश का भविष्य है। शिक्षक बच्चों को एथिक्स भी पढ़ाए। ताकि रांची जिला में शिक्षा को बेहतर से बेहतरीन बनाया जा सकें। यहां के छात्र, छात्रा पढ़ाई में अव्वल आ कर अपना अच्छा भविष्य बनाते हुए झारखंड राज्य का नाम पूरे देश में रौशन करें। उपायुक्त ने जिलें के सभी शिक्षकों को आह्वान किया की वे भी अपने-अपने विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए उदाहरण प्रस्तुत करें।

जिले में पिछले कुछ महीनों से शिक्षा के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट प्रयास हुए है। रांची जिला पूरे राज्य में जैक द्वारा आयोजित 8 वीं कक्षा के लिए प्री बोर्ड आयोजित करने वाला एक मात्र जिला बना। रांची स्पीकस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के भाषाई कौशल संवर्धन के बेहतरीन प्रयास किए जा रहें है। इन सबमें शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक र बादल राज द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वालें शिक्षकों का चयन किया गया। जानकारी हो की राज्य सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी गुणात्मक सुधार कर रही है।

# बोकारो में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में शानो-शौकत से जगह-जगह लहराया तिरंगा

संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात नगरी बोकारो, उपशहर चास तथा आसपास के इलाके सहित पूरे जिले में 76वें गणतंत्र दिवस की धूम रही। जगह-जगह विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से भव्य समारोह आयोजित किए गए तथा राष्ट्र-ध्वज तिरंगा पूरी शानो-शौकत के साथ लहराया। जिला प्रशासन की ओर से सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि आज ही के दिन सन 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था एवं भारत एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्वपटल पर अपनी पहचान स्थापित की। आज जहां हमारा देश विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं झारखण्ड प्रदेश प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए देश के मानचित्र पर भी सुशोभित हो रहा है। सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं ने जहां राज्य एवं जिले की तस्वीर बदली है, वहीं आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।



उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव- 2024 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने पर भी बधाई दी। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार को विकासोन्मुखी बताते हुए जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी उपलब्धियों का विस्तृत लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मौके पर उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ. माइकल राज एस., कोयला क्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र झा, बोकारो डीसी विजया जाधव, एसपी मनोज स्वर्गियारी, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, चास एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला खेल व पर्यटन पदाधिकारी हेमलता बुन, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीएसई अतुल कुमार चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। इसके पूर्व, 12 प्लाटूनों ने परेड प्रस्तुत की।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्लाटूनों - सीआरपीएफ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चास एवं सीआईएसएफ की अगुवाई कर रहे प्लाटून कमांडर को पुरस्कृत किया गया। इधर, डीसी श्रीमती जाधव ने गोपनीय कार्यालय एवं समाहरणालय परिसर, रेड क्रॉस भवन एवं जियाडा कार्यालय में झंडोत्तोलन किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद ने अपने आवासीय परिसर में, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने अपने कार्यालय परिसर एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा ने अपने गोपनीय कार्यालय परिसर, अनुमंडल कार्यालय चास व बाजार समिति चास में झंडोत्तोलन किया। इसी प्रकार, बेरमो चिल्ड्रेन पार्क में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ ने झंडोत्तोलन किया। सभी प्रखंडों एवं अंचल कार्यालयों में बीडीओ व सीओ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियां निकाली गई, पीआरडी रहा प्रथम



समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। नगर निगम चास, बियाडा, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य एवं पशुपालन, कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि, सड़क-सुरक्षा झ्र परिवहन, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जेएसएलपीएस आदि ने संचालित योजनाओं व उपलब्धियों की झांकी प्रस्तुत की। झांकियों में प्रथम स्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को मिला।

### पत्रकार,कलाकार व साहित्यकार सहित कई लोग हुए सम्मानित



समारोह में जिला प्रशासन की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई लोगों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बोकारो के जाने-माने साहित्यकार, पत्रकार व गायक अरुण कुमार पाठक को सांस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कवि संगम, बोकारो महानगर इकाई के अध्यक्ष अरुण पाठक बोकारो में साहित्य, पत्रकारिता व कला-संस्कृति के क्षेत्र में एक सुपरिचित हस्ती हैं। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राजकीय भैरव महोत्सव, सुबह-सवेरे, सनिपरब सहित कई कार्यक्रमों में ये अपने सुरों का जादू बिखेर चुके हैं। मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, संस्कार भारती, साहित्यलोक सहित कई संस्थाओं में सक्रियता से जुड़े रहे अरुण पाठक को इसके पूर्व साहित्य सेवा के लिए साहित्योदय साहित्य रत्न सम्मान, राष्ट्रीय संस्कृत प्रसार परिषद्, बोकारो द्वारा साहित्य व संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ह्यमहाकवि विद्यापति संस्कृत रत्न सम्मान, संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो द्वारा विप्र गौरव सम्मान, मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो द्वारा संगीत व पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए रोटरी क्लब, बोकारो द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें सम्मानित किए जाने पर बोकारो के साहित्यकारों व कलाकारों ने उन्हें बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए चिन्मय विद्यालय की टीम रवाना



**बोकारो।** सीबीए.ई नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 में भाग लेने के लिए चिन्मय विद्यालय की टीम सोमवार को दिल्ली रवाना हो गई है। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम, हरियाणा के तत्वावधान में सीबीएसई द्वारा आयोजित तीनदिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में चिन्मय विद्यालय बोकारो की चार सदस्यों की टीम व दो एस्कॉर्ट टीचर के साथ दिल्ली रवाना हो गई। अव्यान नारायण कश्यप, केशव अग्रवाल, आकर्षिता झा, आस्था शूक्ला के साथ दो शिक्षक श्रेया गुप्ता एवं शुभम कुमार गुप्ता भी टीम में शामिल हैं। ज्ञात हो कि 22 एवं 23 नवंबर को दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में चिन्मय विद्यालय की टीम थी। दोनों वर्गों सीनियर एवं जूनियर कैटेगरी में टीम प्रथम आई थी।

### एसएपीएस में 76 वें गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन



**बोकारो।** एसएपीएस ने भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस को स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास थीम के साथ मनाया, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस राष्ट्रीय उत्सव की शुरूआत प्रिंसिपल शैलजा जयकुमार के मार्गदर्शन में शिवम हेड बॉय और परी भारद्वाज हेड गर्ल के साथ शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख राजीव रंजन द्वारा तिरंगा फहराने से हुई। तिरंगे को सलामी देते हुए एसएपीआईएन (छात्र, शिक्षक और कर्मचारी) ने शिक्षित, सशक्त और सुरक्षित भारत के सपने को साकार करने की शपथ ली। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर पी. राजगोपाल, एसएमसी और अयप्पा सेवा संगम के सदस्यों ने पूरे एसएपीएस परिवार को शुभकामनाएं दीं। इस दिन को और खास बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक नृत्य, लोक संगीत और कला रूपों का प्रदर्शन किया गया। ये सभी प्रदर्शन भारत की सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि को उजागर करते हैं और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देते हैं। प्रिंसिपल शैलजा जयकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह युवा पीढ़ी को हमारे संविधान के मूल दर्शन और मूल्यों से परिचित कराता है। इसके साथ ही यह नागरिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को जागृत करता है, जिससे युवा अपनी भूमिका को समझकर देश की प्रगति में योगदान करने के लिए प्रेरित होते हैं।

### वेदांता ईएसएल ने देशभक्ति व जोश के साथ मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**बोकारो।** भारत में एक अग्रणी एकीकृत इस्पात वेदांता ईएसएल लिमिटेड ने भारत का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह और जुनून के साथ मनाया। सुबह 8:55 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में ईएसएल स्टील लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा एक शानदार परेड शामिल थी, जिसके बाद वेदांता ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता द्वारा भारत का तिरंगा फहराया गया। इसके बाद पूरे वर्ष में उनके उत्कृष्ट कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए व्यक्तियों के दो समूहों को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वेदांता ईएसएल के सीईओ और डब्ल्यूटीडी आशीष गुप्ता ने कहा कि सामुदायिक विकास और व्यवसाय विकास एक साथ चलते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कंपनी के भविष्य को लेकर न केवल प्रबंधन, बल्कि कर्मचारी भी उत्साहित और प्रेरित हैं। उन्होंने उत्साहजनक भाषण में कहा कि वेदांता ईएसएल सिर्फ इस्पात उत्पादन से आगे बढ़कर, संयंत्र के आसपास और बोकारो शहर में रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर गर्व करता है। वेदांता ईएसएल सीएसआर के क्षेत्र में अथक प्रयास कर रहा है। आस-पास के 12,253 छात्रों को शिक्षा में सहायता, आस-पास के 1,69,576 ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य और 2071 लोगों को आजीविका प्रदान की है, जिसमें जीविका, वाडी और कौशल विद्यालय शामिल हैं।उन्होंने अपने भाषण का समापन 500 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को धन्यवाद देकर किया, जो हमेशा अपने काम में बहुत सतर्क और उत्कृष्ट रहे हैं। गणतंत्र दिवस समारोह वेदांता ईएसएल के सियालजोरी प्लांट क्षेत्र के अंदर आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय समुदायों और कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 10 अत्यधिक प्रशंसित कर्मचारियों को पूरे वर्ष हाउसकीपिंग, सुरक्षा, 5 एस पहल और इन-हाउस निर्माण परियोजनाओं, जैसे बेंचों के निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए मान्यता दी गई और सम्मानित किया गया।

# बोकारो स्टील प्लांट के विस्तार में 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य : केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी

संवाददाता

**बोकारो।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को बोकारो स्टील प्लांट की विस्तारीकरण योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि भारत 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील का उत्पादन करने की दिशा में आगे बढ़ेगा, और इसमें बोकारो स्टील प्लांट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत अभियान को और मजबूती प्रदान करेगा। मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री कुमारस्वामी के साथ इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश भी उपस्थित रहे। मंत्री ने बोकारो स्टील प्लांट के विस्तार के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत 3.2 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाला ब्लास्ट फर्नेस, स्टैंप चार्ज बैटरी और एक अत्याधुनिक सिंटर प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह ब्राउन फील्ड विस्तार परियोजना प्रतिवर्ष 2.6 मिलियन टन तरल इस्पात उत्पादन क्षमता को जोड़ेगी। इससे संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 7.55 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ जाएगी। मंत्री ने इस्पात भवन में स्थित मॉडल रूम में संयंत्र के लेआउट की जानकारी ली और प्लांट भ्रमण के दौरान कोक ओवन एंड कोक केमिकल्स, सिंटर प्लांट-2 परियोजना स्थल, ब्लास्ट फर्नेस नंबर-2 और हॉट स्ट्रिप मिल जैसी प्रमुख इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



**2150 टन प्रतिदिन क्षमता वाली एयर सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन**

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बोकारो स्टील प्लांट के दौरे के दौरान मेसर्स आइनॉक्स द्वारा निर्मित 2150 टन प्रतिदिन क्षमता वाली एयर सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन भी किया। यह यूनिट संयंत्र के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उद्घाटन के समय राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, आइनॉक्स के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन और बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

**बीएसएल की गतिविधियों और योजनाओं पर चर्चा**

मंत्री ने बोकारो स्टील प्लांट में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, चिकित्सा सेवाओं, टाउनशिप और अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। अपराह्न बेला में बोकारो निवास में आयोजित एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मंत्री और अन्य अधिकारियों को बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन प्रक्रिया और आगामी योजनाओं से अवगत कराया गया।

दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बीएसएल की विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों और बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्य से भी मुलाकात की। इस प्रकार, बोकारो स्टील प्लांट के विस्तार और आगामी विकास योजनाओं को लेकर यह दौरा बहुत ही महत्वपूर्ण था। मंत्री का यह दौरा 28 जनवरी को अपराहन सम्पन्न होगा।

## चिन्मय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में रविवार को 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्वामिनी संयुक्तानंदा आचार्या चिन्मय मिशन बोकारो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार का विद्यालय छात्र परिषद द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामिनी संयुक्तानंदा ने कहा कि हम कुशल अभियंता, प्रौद्योगिकी, अन्वेषक, विधि विशेषज्ञ, प्रबंधक, चिकित्सक के साथ-साथ सजग राष्ट्र प्रहरी भी निर्माण करते हैं, जो विश्व मानव समाज की भलाई के लिए सतत संरचनात्मक योगदान दे रहे हैं।



भारतीय गणतंत्र अपना सफलतम प्रभावोत्पादक 75वां वर्ष पूरा कर 76वें वर्ष में पूरी गरिमा के साथ प्रवेश कर रहा है। पूरा देश गणतंत्र दिवस पूरे जोश के साथ मना रहा है। चिन्मय विद्यालय बोकारो, जिसकी शिक्षा नीति ही वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः पर आधारित है, इसमें भारतीय संस्कृति के सभी रंगों को समेटे पूरे उत्साह एवं असीम ऊर्जा के साथ आज गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र 76 वर्ष में पूरी दृढ़ता के साथ प्रवेश कर रहा है। यह हम भारतीयों के लिए बड़े ही गौरव की बात है। मुख्य अतिथि बिश्वरूप मुखोपाध्याय कहा कि हमारा गणतंत्र पूर्ण रूप से पुष्पित एवं पल्लवित होकर विश्व का विशालतम लोकतंत्र बना है। जहां आने वाले समय में 100 करोड़ से ज्यादा मतदाता होंगे।

## बीटीपीएस में मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल में देश का 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह काफी हर्षोल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। स्थानीय बोकारो क्लब स्थित स्वामी विवेकानंद मैदान में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड सुशील कुमार अरजरिया ने झंडोत्तोलन किया।

तत्पश्चात परेड कमांडर सीआईएसएफ के ए.एन.आई. अजीत कुमार शर्मा, परेड 2 आईसी कमांडर उप निरीक्षक कामेश्वर शर्मा, प्लाटून वन कमांडर एसआई कपिल भैरा, प्लाटून 2 (फायर) कमांडर जयपाल टुडू सहित स्थानीय कार्मेल, केंद्रीय विद्यालय, डीवीसी उच्च एवं मध्य विद्यालय के स्कूली बच्चों के प्लाटून बल एवं फायर विंग के जवानों के परेड का निरीक्षण किया। मौके पर एचओपी डीवीसी ने कहा कि विगत 77 वर्षों से अपने नेतृत्व की बदौलत देश के लाखों चेहरों पर डीवीसी ने मुस्कान बना रखी है। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट से लगातार बेहतर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। दिन में सोलर बिजली के कारण थर्मल पावर प्लांटों को कम लोड पर चलाया जा रहा है, जबकि रात में डिमांड होने पर यूनिट को फुल लोड पर चलाया जाता है। कहा कि वक्त का तकाजा है कि सभी को स्मार्ट मीटर के तहत बिजली का कनेक्शन लेकर इसका उपयोग करना चाहिए। कहा कि डीवीसी का सीएसआर अपने परिधि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंचायत के 64 गांवों के ग्रामीणों की आधारभूत संरचनात्मक एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



# डीपीएस चास ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह

संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस, चास में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया, जिसमें डीपीएस चास की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। झंडोत्तोलन के बाद सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्रावास के विद्यार्थियों द्वारा समवेत स्वर में गाए गये गीतों ने सभी के दिलों को देशभक्ति से भर दिया। इस अवसर पर प्रेषित संदेश में विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि यह याद रखने का दिन है, जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था, जिस दिन हमारा देश एक स्वतंत्र गणराज्य बना था। यह देश के गौरवशाली अतीत के साथ-साथ महान स्वतंत्रता सेनानियों तथा देश को स्वतंत्र और प्रगतिशील बनाने के लिए उनके अथक संघर्ष की याद दिलाता है। उन्होंने एक-दूसरे का सम्मान करने और अपनी मातृभूमि की महिमा के लिए काम करने का संकल्प लेने की बात कही।



# हमारा लोकतंत्र हमारी सबसे बड़ी ताकत : डॉ. गंगवार

### डीपीएस बोकारो परिवार ने धूमधाम से मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस, प्रभातफेरी भी निकाली गई

संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सीनियर व प्राइमरी, दोनों ही इकाइयों में प्राचार्य डॉ० ए. एस. गंगवार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।



उनके साथ-साथ सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगे को सलामी दी। हर कोई राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत दिखा तथा पूरा विद्यालय परिसर वंदे मातरम और मां भारती के जयकारों से गूंजता रहा। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत के लोकतंत्र को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग होकर राष्ट्र के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपना दायित्व निभाने की आवश्यकता है।

इसके लिए बच्चों में छात्र-जीवन से ही राष्ट्रीय मूल्यों का विकास आवश्यक है। तभी हम अपनी लोकतांत्रिक धरोहर को अक्षुण्ण बनाए रख सकेंगे। इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने अपने प्राचार्य का तिरंगा बैज पहनाकर स्वागत किया।

बच्चों ने उन्हें स्वनिर्मित आकर्षक शुभकामना-पत्र भी भेंट किए। सीनियर इकाई में राष्ट्र ध्वज फहराए जाने के बाद विद्यार्थियों ने जय जन भारत, जन मन अभिमत जन गणतंत्र विधाता..., भारत वंदे मातरम जय भारत वंदे मातरम्..., सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा... आदि देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से देशप्रेम की भावना का संचार कर दिया।

वहीं, प्राइमरी इकाई में झंडोत्तोलन के पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं ने वंदे मातरम..., हिन्द देश के निवासी... व अन्य देशभक्ति गीतों की सुरीली सामूहिक प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पहले नन्हे छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मनभावन नृत्य-संगीत की भी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इधर, सीनियर इकाई के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए नारा लिखित तख्तियां लिए अपने शिक्षकों के साथ प्रभातफेरी भी निकाली, जो लक्ष्मी मार्केट के विभिन्न इलाकों से होकर लोगों में राष्ट्र प्रेम का संदेश देते गुजरी।


**AFFIDAVIT**

I, Vimal kant Jha, S/o - Gunanand Jha, R/o- Ram Duplex Sri Ram Vatika, Chira Chas, District - Bokaro, Jharkhand, Pin - 827013, declare before the Notary Public, Bokaro, vide Affidavit No. 241/24.01.25, that Anand is my son, mother name - Jugnu Jha, studying in Class IV at Chinmaya Vidyalaya, Bokaro. I have changed his name from Anand to Anand Jha, bearing Aadhaar No. 2846 8222 7121. Now onwards, he shall be known as Anand Jha to all concerned.I also want to rectify his date of birth as 8.4.2014 in place of 8.4.2013 which is wrongly mentioned in his school record.

## संक्षिप्त खबरें

### गणतंत्र दिवस समारोह गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया



**गिरिडीह।** गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम सहाय द्वारा झंडोत्तोलन से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक गण, कर्मचारी और उपस्थित अभिभावक देशभक्ति के जोश से अभिभूत थे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक, शायरी और कविताओं जैसी रंगारंग प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम सहाय ने बच्चों को संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास दिलाया। इसके साथ ही, उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और सभी बच्चों से इस दिशा में संकल्प लेने की अपील की। विद्यालय के प्राचार्य दिगंबर कुमार देवांगन ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाया और उन्हें यह बताया कि एक अच्छे नागरिक के रूप में देश के विकास में योगदान देने के लिए अच्छी पढ़ाई करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कुछ शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान और सेवा के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में, सभी बच्चों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों को कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया गया और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सीमेंट ट्रक और मोटरसाइकिल में भिड़ंत, दिलीप मंडल गंभीर रूप से घायल, सड़क जाम कर मुआवजे की मांग

**सिंदरी।** सिंदरी डोंमगढ़ स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास एक सड़क दुर्घटना में सीमेंट ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें सिंदरी बस्ती निवासी दिलीप मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब दिलीप मंडल, जो सिंदरी बस्ती में इंडस्ट्रियल एरिया में कार्य करते हैं, अपनी मोटरसाइकिल से दोपहर लगभग 2:30 बजे घर लौट रहे थे। जिओ पेट्रोल पंप के पास एसीसी मटेरियल गेट से सीमेंट लोड ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी, जिससे दिलीप मंडल सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद, दिलीप मंडल को पहले चासनाला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए उन्हें एनएमएमसीएच अस्पताल, धनबाद रेफर कर दिया। घटना के बाद, स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही सिंदरी पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को हटवाने की कोशिश की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा सड़क की खराब स्थिति और ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हुआ। दुर्घटना के बाद, दिलीप मंडल की हालत को देखते हुए अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

### झामुमो बोकारो जिला संयोजक मंडली में हुआ फेरबदल

**बेरमो।** झामुमो बोकारो जिला समिति के पूर्व संयोजक मंडली में संशोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव बिनोद कुमार पांडेय ने दूसरी संयोजक मंडली जारी की है। जिसमें डुमरी विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो, पूर्व जिला उपाध्यक्ष घुनू हांसदा, पूर्व कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू तथा अनिल रजवार को शामिल किया गया है। साथ हीं संयोजक मंडली में पूर्व के सभी पदाधिकारियों को एक साथ लेकर काम करने का भी निर्देश जारी किया गया है।

### छापेमारी में 32 टन अवैध कोयला जब्त



**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के पांच नंबर धौडा स्थित अमलो रेलवे साइडिंग के पास कारखाना के समीप सोमवार को सीसीएल सुरक्षा विभाग, सीआइएसएफ व बेरमो थाना पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें लगभग 32 टन अवैध कच्चा व पोड़ा कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयले को टैक्टर में लोड करवाकर कांटा कर प्रबंधन को सौंप दिया गया। छापेमारी में बेरमो थाना के एएसआइ ननका उरांव, सीआइएसएफ क्राइम के बी पेगु, एके सिंह, यूके राय, धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, प्रभारी सुरक्षा अधिकारी सीताराम उइके, सुरक्षा प्रभारी शिलचंद, हवलदार कन्हैया तिवारी, कृपाल सिंह, अनाम वारिश, मानिक दिगार, मुकेश कुमार शर्मा, शंकर दास, होम गार्ड जीतेंद्र रजक आदि शामिल थे।

# 76 वें गणतंत्र दिवस पर झारखंड सरकार के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने किया झंडोत्तोलन

संवाददाता

**गिरिडीह।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन झंडा मैदान में किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार, सुदीव्य कुमार सोनू ने झंडोत्तोलन किया।

समारोह की शुरूआत परेड की सलामी लेने से हुई, इसके बाद मंत्री महोदय, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने परेड टुकड़ियों का निरीक्षण किया। सचिवालय में



आयोजित इस समारोह के दौरान मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश ने संविधान अपनाकर गणराज्य की यात्रा शुरू की। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानियों और राज्य के ऐतिहासिक नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री ने झारखंड की समृद्धि के लिए किए गए प्रयासों को साझा किया और राज्य के विकास के लिए सरकार के प्रयासों को सराहा।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार के द्वारा गिरिडीह जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, महिला कल्याण और अन्य क्षेत्रों में कई योजनाओं का कार्यान्वयन किया गया है। मंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में गिरिडीह जिले में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत 124 मरीजों को 5 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई और 50,725 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। शिक्षा क्षेत्र में 7,924 छात्रों को साइकिल वितरित की गई और 26,838 बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई।

साथ ही, 52 स्मार्ट क्लासेस स्थापित की गईं। कृषि और ग्रामीण विकास के तहत मंत्री ने कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत गरीब और गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से डेढ़ लाख किसानों को लाभ हुआ है। मंत्री ने महिला और समाज कल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों को भी साझा किया, जिसमें सवित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 47,000 बालिकाओं को लाभान्वित किया गया और 2.2 लाख महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें परिवहन विभाग की झांकी को प्रथम, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की झांकी को द्वितीय और समाज कल्याण विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में एसएसबी, कार्मेल हाई स्कूल, एनसीसी और अन्य स्कूलों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## बेरमो में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

चंद्रिका मार्तंड

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, स्कूल-कॉलेजों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, विभिन्न कार्यालयों आदि में तिरंगा झंडा फहराकर सलामी दी गई। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने ढोरी ग्राउंड के समीप दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ढोरी, राजकीय मध्य विद्यालय ढोरी, महिला कल्याण समिति, पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय, विकलांग कल्याण समिति, राम रतन हाई विद्यालय ढोरी, न्यू स्टार क्लब फुसरो, अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो, आरसीएमयू के प्रधान कार्यालय पांच नंबर धौड़ा आदि में झंडोत्तोलन कर तिरंगें को सलामी दी गई।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, श्रीकांत मिश्रा, ललन रवानी, साधु बाउरी आदि लोग मौजूद थे। गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने अपने आवासीय कार्यालय, बीबीएस पब्लिक स्कूल, सीसीएल सीकेएस कार्यालय ढोरी खास आदि में झंडोत्तोलन किया। यहां बी एम एस नेता रवींद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह मौजूद थे। बेरमो प्रखंड कार्यालय में प्रमुख गिरिजा देवी, बेरमो थाना में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, बेरमो निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर नवन किशोर सिंह, पीडब्ल्यूडी ऑफिस में पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता रत्नेश्वर दास, अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में उपाधीक्षक डॉ. एनपी सिंह, नगर परिषद फुसरो कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन तथा युवा व्यवसायी संघ फुसरो कार्यालय में सचिव बैजू मालाकार ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार सिंह, फुसरो नप पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, आजसू नेता संतोष महतो, दिनेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, समाजसेवी भोला दिगार, पूर्व पार्षद राधा देवी, युवा व्यवसायी संघ अध्यक्ष बैभव चौरसिया, बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष आर उनेश, डॉ० नवीना बारला, शंकर कुमार, राजीव रंजन, संजय गुप्ता, मो. कलाम खान, रमेश स्वर्णकार आदि मौजूद थे। न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो में विद्यालय सचिव महारुद्र नारायण सिंह, रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल फुसरो में निदेशक रंजीत भारती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय मे जीएम रंजय सिन्हा ने झंडोत्तोलन किया।

मौके पर एसओपी कुमारी माला, एएफएम मो. शाहिद हुसैन, एसओसी मनोज कुमार शाह, एसओईएंडएम गौतम मोहंती, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह आदि मौजूद थे। बीएंडके महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम चितरंजन कुमार ने झंडोत्तोलन किया। यहां एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, बीके ठाकुर, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, लव कुमार आदि मौजूद थे। झामुमो उलगुलान



कार्यालय में केंद्रीय सचिव बेनीलाल महतो, पुराना बीडीओ ऑफिस में सचिव नरेश महतो, पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित अपने कार्यालय में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जगरनाथ राम, जैनामोड स्थित अपने कार्यालय ने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, अंगवाली स्थित श्री राधेश्याम गौशाला में बेरमो विधानसभा के भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ० उषा सिंह और पिछरी कोलियरी में विस्थापित नेता काशीनाथ सिंह ने झंडोत्तोलन किया।

कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में ढोरी जीएम की धर्म पत्नी सह विद्यालय अध्यक्षा रूपा सिंह ने झंडोत्तोलन की। मौके पर विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय, सहसचिव दीपा कुमारी, प्रधानाचार्य रणसुमन सिंह, शैलबाला आदि मौजूद थे। भरत सिंह पब्लिक स्कूल बेरमो में निदेशक डॉ शत्रुधन सिंह, नर्चर किडस स्कूल करगली में जय राठौर ने तिरंगा फहराया। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक, बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, कांग्रेस नेता सुभाषनगर स्टोटिंग क्लब, दुर्गा मंदिर, बाल विकास विद्यालय में महेंद्र विश्वकर्मा, गणेश मल्लाह, मानिक दिगार, पूर्व पार्षद ज्योति देवी, अशोक अग्रवाल, शरण सिंह राणा ने झंडोत्तोलन कर तिरंगों को सलामी दी।

## बेरमो विधायक ने राम रतन उच्च विद्यालय के नये भवन का किया उद्घाटन



संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी में डीएमएफटी फंड से 4.88 करोड़ की लागत से बने नये भवन का उद्घाटन गणतंत्र दिवस को किया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि उनके पिता स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम किया था। उन्हीं के आदर्शों पर चलकर शिक्षा को आगे बढ़ाने का काम कर रहा हूं। कहा कि इस विद्यालय के जीर्णोद्धार का सपना उनके पिता का था। जिसे उन्होंने पूरा करने का काम किया।

निजी स्कूल की तरह अब सरकारी विद्यालयों में भी बच्चों को शिक्षा मिलेगी। कहा कि विद्यालयों के सभी वर्गों में स्मार्ट क्लास की सुविधा मिलेगी। उन्होंने नये विद्यालय भवन में बेंच और डेस्क की खरीदारी के लिए विधायक मद से 20 लाख एवं पुराने विद्यालय भवन व कंप्यूटर क्लास की मरम्मती के लिए विधायक मद से 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। कहा कि विद्यालय परिसर में पीएससी कराया जायेगा। ताकि बरसात के दिनों में बच्चों को जल जमाव से परेशानी न हो।

कहा कि संसाधन युक्त भवन में बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी। यहां विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लासरूम, रेस्ट रूम, लाइब्रेरी, स्पोर्ट रूम, खेलकूद का मैदान आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। नये भवन में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होने की वजह से छात्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। विद्यालय प्राचार्य मनोज साहनी ने कहा कि विद्यालय में फिल्हाल 722 बच्चे अध्यनरत हैं। इसके लिए 17 शिक्षक नियुक्त हैं नये विद्यालय भवन में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों के लिए भी सुविधा है।

### फुसरो में मनाया गया भव्य 31 वां श्याम महोत्सव

### इस अवसर पर भजन संध्या आयोजित

## दिल दिवाना हो गया सावंले... भजन पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता

**बेरमो।** अग्रसेन भवन फुसरो में शनिवार की रात्रि मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा द्वारा 31 वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्षय पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान जयपुर से आये भजन गायक राज राठौर व अमित नामा एवं स्थानीय कलाकारों ने श्रद्धा भजनों पर लोगों को खूब झुमाया। यहां श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के महोत्सव में भक्ति गीतों से अध्यात्म का संचार हुआ। बाबा का भव्य दरबार सजा और अलौकिक श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। साथ ही बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। मंच के सदस्यों ने बारी-बारी से दरबार में लगे ज्योत का दर्शन कर पूजा अर्चना की। क्या बड़े, क्या बच्चे, सभी ने बाबा का



दर्शन किया। महिलाओं ने भी श्री श्याम के दरबार में मत्था टेका। परिवार तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए सदस्यों ने कामना की। अखंड ज्योति व आरती के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। कोलकाता से आये श्री कृष्णा ग्रुप नृत्य नाटिका ने सत्यभामा को श्री कृष्ण, रुकमणी एवं नारद जी के द्वारा अंहकार दूर करने का नाट्य दिखाया। जयपुर से आये भजन गायक अमित नामा ने कीर्तन की है रात..., दिल दिवाना हो गया सावंले सुरत पे तेरी दिल दिवाना हो गया..., श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण बासुदेव..., आदि भक्ति सुरों की तान छेड़ी तो श्रद्धालु मुग्ध हो गये।

मधुर भक्ति गीतों पर आनंदित होते हुए कई श्रद्धालु अपने स्थान पर खड़े होकर नृत्य करने लगे। उन्होंने बाबा के भव्य स्वरूप को मधुर भक्ति गीतों में पिरोकर व्याख्यान किया। भजन गायक ने बेरमो क्षेत्र की धरती को पावन तथा पवित्र बताया और भजन के माध्यम से ये संदेश दिया जिस पर कृपा श्याम की, उसका बेड़ा पार। वहीं कोलकाता के राज राठौर ने किसने किया श्रृंगार सांवरे महक रहा तेरा दरबार..., इतनी कृपा सांवरे बनाए रख..., बड़ी दूर से चलकर आया हूं...,जन्म जन्म का साथ है... आदि मधुर भजन गाकर श्याम बाबा एवं श्रद्धालुओं को खूब झुमाया।

मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने श्याम बाबा का महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सचिव संदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिलीप खेतान, मंच संयोजक मनोज अग्रवाल, सह संयोजक श्रवण अग्रवाल, भवानी शंकर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, पंकज कुमार मित्तल, रोहित मित्तल, पिंटू राइका, अरूण कुमार अग्रवाल, चंदन गोयल, राजेश कुमार अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मनोज गोयल, सुरेंद्र खेमका, राहुल कुमार डांडेवालास, राहुल गोयल, नितिन अग्रवाल, विकास मित्तल, सुमित बंसल, मुकेश शर्मा, मुरारी वधालका, नवीन गोयल, टिंकेश गोयल, गोपाल अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल, राजू खेमका, संतोष मित्तल, जीतेंद्र गोयल, ओम प्रकाश अग्रवाल, ललीत अग्रवाल, मंटू मित्तल, नीरज अग्रवाल, उमेश चौधरी, विकास गोयल, महेश बबुना, श्रवण जिंदल सहित कार्यक्रम में फुसरो नप के पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, समाजसेवी युगेश तिवारी, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, समाजसेवी राजन साव, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, सचिव सुशांत राइका, सह सचिव सूरज मित्तल, पूर्व पार्षद भरत वर्मा, विलासी देवी, सांसद प्रतिनिधि संतोष महतो, नितिन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय ध्वज को दी गई सलामी, सिंदरी व बलियापुर में धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

रतन कुमार अग्रवाल

**सिंदरी।** देशभर में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया और सिंदरी क्षेत्र में भी इस राष्ट्रीय पर्व को बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिंदरी और बलियापुर क्षेत्र में ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सिंदरी कल्याण केंद्र में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद उन्होंने ध्वजारोहण कर



परेड की सलामी ली। इस अवसर पर अपने संबोधन में शेखावत ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने बताया कि एफसीआईएल द्वारा आवास लीज पर आवेदन करने की अंतिम तिथि मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपना पुराना किराया जमा कर व्यवसायी लीज ट्रांसफर के लिए आवेदन दे सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एफसीआईएल के बंद अस्पताल को फिर से खोले जाने के लिए पुनः कार्यवाही करने की बात कही। गणतंत्र दिवस परेड में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के जवानों, निजी सुरक्षा गार्ड, और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नृत्य, गीत, और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए देशभक्ति का जश्न मनाया। बच्चों ने ₹वन्दे मातरम₹ और ₹सारे जहाँ से अच्छा₹ जैसे देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा, एफसीआईएल और अन्य संस्थाओं के कर्मचारी भी परेड का हिस्सा बने। हर्ल प्रशासनिक भवन परिसर में वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने यूरिया और अमोनिया के उत्पादन में महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसमें यूरिया का उत्पादन 23.05 लाख मीट्रिक टन और अमोनिया का उत्पादन 13 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचने की जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने रांची में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 80 बच्चों को प्रशिक्षण देने की पहल की और सिंदरी शहर की जलापूर्ति के लिए ट्रीटमेंट प्लांट के दूसरे क्लेरिफायर की मरम्मत की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। सिंदरी और बलियापुर क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों, बैंकों, पुलिस कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, और सार्वजनिक स्थलों पर भी ध्वजारोहण हुआ। विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ध्वजारोहण कार्यक्रमों में हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एफसीआईएल सिंदरी यूनिट के ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत, टासरा कोयला परियोजना में सेल महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी, सिंदरी पुलिस के डीएसपी अभिषेक कुमार सत्यम, और विभिन्न प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों ने भाग लिया। इसके अलावा, सिंदरी महाविद्यालय, बी आई टी सिंदरी, डी ए वी सिंदरी, सरस्वती विद्या मंदिर और मदर टेरेसा स्कूल के प्रधानाचार्यों ने भी ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बलियापुर और सिंदरी अनुमंडल के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रमों में भाग लिया और देशभक्ति के इस विशेष दिन का आनंद लिया।

# उपायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट व आवासीय परिसर में झंडोत्तोलन



संवाददाता

**धनबाद।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने कलेक्ट्रेट व अपने आवासीय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस लाइन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने मिश्रित भवन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने अनुमंडल कार्यालय पुराना समाहरणालय परिसर व रेड क्रॉस भवन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने गांधी सेवा सदन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने नगर निगम कार्यालय, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो ने एलआरडीसी कार्यालय तथा जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने परिवहन कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया।

## कार्यपालक दंडाधिकारी, डीएसपी, थाना प्रभारी सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मी सम्मानित



धनबाद। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी धनबाद राम नारायण ठाकुर, तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, विधि शाखा के चितरंजन कुमार सिन्हा, मो० कदीर अंसारी, श्रीमती शशि प्रिया, आशीष रंजन राय, खोगेन मुर्मू, जनशिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा, अशोक कुमार रवानी, सुमित कुमार पांडेय, अरुण कुमार धारी, एसएनएमएमसीएच के डॉ० डी.पी. भूषण, डॉ० यू.के. ओझा, किरण कुमारी, सोना मुनी अड्डी, मो० अमीर सज्जाद चिश्ती, सलोनी खालको, हरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमारी, ललित कुमार मिश्रा तथा शंभू मालतो सम्मानित किए गए।साथ ही तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, अभियोजन कोषांग के आशुतोष कुमार, सीसीटीएनएस के गोविंद यादव, बैंक मोड़ थाना के सुमन सौरभ, धनबाद थाना के राकेश कुमार राम, झरिया थाना के प्रदीप लकड़ा सहित एसएसपी कार्यालय के दिलीप कुमार, सिकंदर कुमार, देवंती कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सफाई मित्र संजू देवी, छोटू दुसाध, गुलाबो देवी, अर्जुन भुईयां,शबनम देवी को सम्मानित किया गया।

## सीआईएसएफ को परेड के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

धनबाद। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, झारखंड सशस्त्र पुलिस - 3 गोविंदपुर, जिला सशस्त्र बल (पुरुष), जिला सशस्त्र बल (महिला), गृह रक्षक वाहिनी, एनसीसी (बॉयज), एनसीसी (गर्ल्स) तथा स्काउट एवं गाइड के प्लाटून ने परेड में हिस्सा लिया।आयुक्त सादात अनवर ने प्रथम पुरस्कार, एनसीसी बॉयज को वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने द्वितीय एवं स्काउट एंड गाइड को ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने तृतीय पुरस्कार प्रदान किया।

## उत्पाद विभाग की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार



धनबाद। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विभाग द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिसमें उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सर्व शिक्षा अभियान, स्वास्थ्य विभाग, जिला जनसंपर्क विभाग, समाज कल्याण, डीआरडीए, आपूर्ति, परिवहन, गव्य, पीएचडी, नगर निगम, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी , सहकारिता, अग्रणी जिला प्रबंधक , सामाजिक सुरक्षा, वन विभाग, भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड तथा उद्योग केन्द्र द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। इसमें उत्पाद विभाग की झांकी को प्रथम, आपूर्ति को द्वितीय एवं जिला परिवहन कार्यालय की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी ने उत्पाद विभाग को, उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए आपूर्ति विभाग को तथा उपायुक्त ने जिला परिवहन कार्यालय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया।

## मैत्री क्रिकेट मैच में दिया जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभाने का संदेश

धनबाद। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में जिला प्रशासन बनाम मीडिया के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन ने 59 रन से मैच जीत लिया। क्रिकेट मैच के समापन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले वासियों को जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभाने का संदेश दिया। साथ ही स्टेडियम में उपस्थित सभी को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। 12 - 12 ओवरों के मैत्री क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर जिला प्रशासन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिला प्रशासन ने निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकट खोकर 199 रन का स्कोर खड़ा किया। प्रशासन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए डीएसपी नौशाद आलम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंद में 61 रन बनाएं। वहीं सलामी बल्लेबाज जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी ने 17 गेंद में 48 रन बनाए। जबकि कप्तान एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने 15 गेंद में 42 रन बनाए। डीएसपी नौशाद ने 7 छक्के और 4 चौके लगाए। जबकि जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने 6 छक्के और 2 चौके लगाए। मीडिया की ओर से कप्तान अमित कुमार सिन्हा ने तीन ओवर में 28 रन देकर चार विकेट लिए। जबकि अभिषेक पोद्दार ने तीन ओवर में 35 रन देखकर तीन विकेट लिए। मैच की दूसरी पारी में मीडिया की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शिवेंद्र कुमार ने 2 छक्के और 8 चौके लगाकर 28 बॉल में 51 रन, अंबर कलश तिवारी ने 6 छक्के और 3 चौके लगाकर 19 बॉल में 50 रन का योगदान दिया।



### स्वतंत्रता सेनानी के परिजन को किया गया सम्मानित



**धनबाद ।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने कलियासोल प्रखंड के बड़बाड़ी रोड निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्व० फकीर चंद्र दा की धर्मपत्नी कनक लता दा को शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

### बलियापुर में हर्षोल्लास से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस



**बलियापुर।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलियापुर प्रखंड में पूरे जोश और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही क्षेत्र के सभी स्कूलों और क्लबों में देशभक्ति गीतों की गूंज से माहौल पूरी तरह से देशभक्तिमय हो गया। पीएम श्री उच्च विद्यालय डांगेपाड़ा और जन सेवा केंद्र बलियापुर समेत कई स्थानों पर झंडोतोलन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने भाषण, देशभक्ति गीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने हटिया परिसर बलियापुर में झंडोतोलन किया और उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ, जिसने देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए। इस अवसर पर मुखिया गणेश महतो, विजय गोराई, सेवानिवृत्त शिक्षक मुकुल चंद्र रोहिदास, प्रधान शिक्षक कृष्ण प्रसाद, अधिवक्ता रविंद्र वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्रों की भारी भागीदारी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

### श्रम विमुक्त धावा दल ने झरिया के होटल से तीन बच्चों को कराया मुक्त

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा गठित बाल श्रम विमुक्त धावा दल ने सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सोमवार को झरिया के कतरास मोड़ में धावा बोला। इस क्रम में विवेक कुमार, पिता विश्वनाथ यादव के यादव होटल से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि विमुक्त किए गए सभी बच्चे 14 वर्ष से कम आयु के थे। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिक से काम कराने वाले दोषी व्यक्ति को 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक की सजा या 20000 से 50000 तक का जुर्माना या दोनों हो सकता है। साथ ही बताया कि यदि कहीं पर बाल श्रमिक नियोजित पाए जाते हैं तो उन्हें मुक्त कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचित करें। धावा दल में सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार,मुन्ना राम, मदन मोहन महतो, वरीय सहायक उत्तम मंडल, मन्नू सिन्हा तथा चालक दीनानाथ पांडेय शामिल थे।

## राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद में गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल और समिति के अन्य सदस्य, जिनमें केशव हड़ोदिया और राजेश रिटोलिया प्रमुख थे, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और झंडे को सलामी देने के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्र ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, जिसने हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संविधान के निर्देशों के अनुसार देश के सभी कार्य संचालित होते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने अपने उद्बोधन में केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि देश को प्रगति के जिस पथ पर आज आगे बढ़ाया जा रहा है, उसकी आवश्यकता आजादी के समय से ही थी। उन्होंने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस का महत्व केवल उत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का दिन है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे, शिक्षक कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित और छंदा बनर्जी भी उपस्थित थे।

## एसएसएनएम इंटर कॉलेज सिजुआ में खेलकूद सह युवा महोत्सव का भव्य समापन



संवाददाता

**कतरास।** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद सह युवा महोत्सव 2025 का रंगारंग समापन समारोह बड़े धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मथुरा प्रसाद महतो, टुंडी विधायक और झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक, ने समारोह की शोभा बढ़ाई। साथ ही, डॉ. राजशेखर सिंह, पूर्व चीफ साइंटिस्ट, सिंफर, पीयूष कुमार, वरीय प्रबंधक, एचआर सिजुआ ग्रुप, संजीव कुमार ठाकुर, हेड सिजुआ कोलियरी, वरिष्ठ पत्रकार उत्तम मुखर्जी, डॉ. जितेंद्र बनर्जी, प्राचार्य एसपीएम इंटर कॉलेज सिंदरी, एवं अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत नृत्य से की गई और दीप प्रज्ज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत बुके, बैज और मोमेंटो देकर किया गया। मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद महतो ने अपने उद्घाटन भाषण में बच्चों के सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि इस आधुनिक युग में बच्चे अपना कीमती समय सोशल मीडिया पर बर्बाद कर रहे हैं, जबकि खेलकूद शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने खेलों के माध्यम से जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया और कहा कि झारखंड सरकार खिलाड़ियों को न केवल प्रशिक्षित कर रही है, बल्कि उन्हें नौकरी के अवसर भी प्रदान कर रही है। वह आगे बोले कि शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज हर साल खेलकूद सह युवा महोत्सव का आयोजन करता है, जो छात्रों के लिए शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम टीम वर्क, खेल भावना, और स्वस्थ जीवन की ओर मार्गदर्शन करता है।समारोह में आयोजित विभिन्न खेलों के विजेताओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मनोज कुमार महतो ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संचालित किया। समारोह में शक्ति ग्राम विकास संघ के कोषाध्यक्ष रामेश्वर महतो, प्राचार्य मनोज कुमार सिंह, नेहरू महिला महाविद्यालय के प्राचार्य कार्तिक महतो, विनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज के प्राचार्य बसंत महतो, कांति रथ महतो, रमेश प्रसाद, प्रो० समीर कुमार , प्रो० दिनेश मधेशिया, प्रो० राजकुमार प्रसाद, प्रो० पंचानन सिंह चौधरी, लाजवंती देवी, शंकर महतो, प्रदीप महतो, पंकज महतो सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जोड़ापोखर में अनुपमा सिंह ने फहराया तिरंगा, जरूरतमंदों की मदद की



संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा की प्रतिष्ठित कांग्रेस नेत्री एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने जोड़ापोखर स्थित यूनियन आवासीय कार्यालय में 76 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में झंडारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता सेनानियों एवं जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।अनुपमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने संविधान की महत्ता बताते हुए कहा कि यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व की गारंटी देता है। यह दिन हमें हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और उसका सम्मान करने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में बच्चों को चॉकलेट और मिठाइयां वितरित की गईं। साथ ही, ठंड से ठिठुर रहे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को कंबल भी बांटे गए। इस कार्य ने उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें संतोष महतो, अशोक राय, अच्छेवर प्रसाद, क्यूम खान, गुड्डू खान, भगवान दास, किशोर कुमार, सतपाल सिंह ब्रोका, संतोष चौधरी, इम्तियाज अंसारी, नयन चक्रवर्ती, जमालुद्दीन, फैयाज खान, मोहम्मद फैज, जयप्रकाश चौहान, अनु पासवान, विक्की कुमार, राजू सिंह, सोनू सिंह, हरेंद्र, वीरेंद्र, जितेंद्र, कृष्णा, राजवीर आदि प्रमुख थे। गणतंत्र दिवस के इस भव्य आयोजन ने देशभक्ति और सामाजिक सेवा का अद्वितीय संदेश दिया।

## सिंदरी महाविद्यालय में 76 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन



संवाददाता

**सिंदरी।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिंदरी महाविद्यालय में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ० के. के. पाठक ने महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर छात्रों को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारी एकता, अखंडता और स्वतंत्रता का प्रतीक है और हम सभी का कर्तव्य है कि अपने संविधान का सम्मान करें। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० मनोज कुमार तिवारी ने छात्रों को अनुशासन और मानवता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ० आर.पी.पी. सिंह, डॉ० सुमिरन कुमार रजक, प्रो० मनमोहन सिंह, डॉ० अनुराधा दास, डॉ० नीतू गौरव कुमार, प्रो० निशांत कुमार दुबे, डॉ० आरती यादव, प्रो० रोमोला जोजो, एस.सी. शर्मा समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे। शिक्षकेतर कर्मचारियों में बिनोद सिंह, संजय कुमार यादव, संजय हांसदा, मांगाराम गोराई और विजय कुमार की भी भागीदारी रही। छात्रों और छात्राओं ने भी बड़े उत्साह के साथ समारोह में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और अधिक सफल और प्रेरणादायक बन गया।

### डीएवी रजरप्पा में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

रजरप्पा । सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में भारत का राष्ट्रीय त्योहार 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री कल्याण जी प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। झारखंड प्रक्षेत्र डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय प्राचार्य डॉ० एस के शर्मा ने मुख्य अतिथि रजरप्पा क्षेत्र के जीएम साहब तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जीएम साहब की पत्नी श्रीमती कल्याण जी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने दर्जनों आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डीएवी जूनियर विंग के नन्हेझ्रमुन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुति एवं गीत ने सबका मन मोह लिया। इसके साथ ही अन्य प्रस्तुति भी काफी मनमोहक एवं आकर्षक थी। रितेश राज, आलोक कुमार, सृष्टि अग्रवाल, गुंजन कुमारी, जिक्रा हबीब और अक्सा फरहत ने हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में सारगर्भित भाषण देकर सबका ध्यान आ आकर्षित किया। आजादी की थीम पर बच्चों के द्वारा प्रस्तुत नाटक ने समा बांधा। मुख्यतिथि ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक कार्यक्रम अत्यंत सुंदर एवं शिक्षाप्रद था।

कार्यक्रम | डीएवी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## छात्रों को अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया



संवाददाता

**धनबाद।** कोयलानगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 74 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस खास अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के मुख्य अतिथि प्राचार्य सह झारखंड प्रक्षेत्र- सी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एन. एन. श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि करुणा श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान की धुन के साथ की गई। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद, एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई एक शानदार झांकी ने सभी का मन मोह लिया। यह झांकी शिक्षक समरेंद्र नारायण और पीईटी मनीष कुमार के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई। इसमें छात्रों ने देश की विविधता, संस्कृति और एकता को प्रमुखता से दशार्या। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन भारतीय संविधान की महानता और देश की एकता और अखंडता को समर्पित है। इसके साथ ही यह दिन हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का भी अवसर है, जिन्होंने अपने संघर्षों और बलिदानों के माध्यम से हमें स्वतंत्रता दिलाई। प्राचार्य श्रीवास्तव ने छात्रों को अपने कर्तव्यों का पालन करने और देश की सेवा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संगीत शिक्षक चक्रपाणि मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत गीत ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ से हुई। इस गीत के माध्यम से विद्यालय परिवार ने एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद किड्स वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीत ₹आई लव माई इंडिया₹ पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जो दर्शकों के लिए एक अद्भुत अनुभव था। छात्रों ने ₹मेरी शान तिरंगा,₹ ₹ए वतन तेरे लिए₹ और ₹सात सुरों का हिंदुस्तान₹ जैसे प्रसिद्ध देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिनसे पूरा माहौल देशभक्ति की भावना से भर गया। कार्यक्रम में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा अंजलि कुमारी ने प्रेरक हिंदी भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उनका भाषण सुनकर सभी ने उन्हें सराहा और देश की सेवा के प्रति समर्पण की भावना को महसूस किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी पवन पांडेय ने निभाई, जिन्होंने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरीय शिक्षक अरविंद पात्रा ने किया, जिन्होंने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जिन्होंने इस गणतंत्र दिवस को यादगार बनाने में अपना योगदान दिया। इस आयोजन की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ० डी के सिन्हा ने दी।

## टासरा परियोजना में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन

संवाददाता

**टासरा।** सेल की टासरा ओपन कास्ट खदान परियोजना में 76वें गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। केटीएमपीएल ऑफिस प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल महाप्रबंधक (प्रभारी) शिबराम बनर्जी ने तिरंगा फहराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संविधान हमारा गौरव है और यह हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि टासरा परियोजना राष्ट्र हित में समर्पित है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। परियोजना का उद्देश्य न केवल खनन कार्य करना है, बल्कि स्थानीय विकास को भी नई दिशा देना है। कार्यक्रम में संत मदर टेरेसा उच्च विद्यालय के छात्रों ने बैंड प्रदर्शन और मार्च पास्ट के जरिए अपने कला और देशभक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर टासरा और रोहड़ाबांध के ग्रामीणजन, मीडिया प्रतिनिधि और परियोजना निदेशक टी. रमेश के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।सेल के पदाधिकारी पंकज मंडल, के एम तिवारी, पंकज कुमार और राहुल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस भव्य आयोजन ने स्थानीय लोगों और कर्मचारियों को प्रेरित किया और गणतंत्र दिवस के महत्व को गहराई से महसूस कराया।

## सुभाषितम्

**शत्रु का लोहा भले ही गर्म हो जाए, पर हथौड़ा तो ठंडा रहकर ही काम, दे सकता है। - सरदार पटेल**


## देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड

मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगलकाल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिशकाल के दौरान विकसित भू-माप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है। गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है। भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आसपास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं।

इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के न रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है। कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से पांच सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र दो लाख रुपये प्रति किलोमीटर की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगर पालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्चस्तरीय सटीकता में पांच प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है। शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है।

इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी। शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी। कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है। भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिए गए हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है। राज्यों और यूएलबी को जीआईएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है। दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत्व नहीं है।

# सात्विक राजनीति के उन्नायक बन कर उभरे योगी


आचार्य संजय तिवारी

सनातन संत के संयोजन में प्रयागराज कुंभ का अद्भुत स्वरूप उभर रहा है। वैश्विक पटल पर सनातन की गूंज है। विश्व आश्चर्यचकित है। कई देशों की उतनी आबादी नहीं है जितने श्रद्धालु प्रतिदिन पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में कुंभ का आरंभ किया, उसके बाद की व्यवस्था संभाल रहे योगी आदित्यनाथ वास्तव में सात्विक शासक बन कर उभरे हैं। इसे सात्विक राजनीति का उन्नयन काल भी कहा जा सकता है। एक तरफ विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में घिरे हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्तपिपासु हो गया है। कई वर्षों से आसमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्धक विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उदघोष कर रही है।




सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है। यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, संप्रदायों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि समस्त विद्वत और संत समाज एक स्वर से अपने शासक की तारीफ कर रहा हो। भारत की प्राण मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है। ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालातों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक, इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले।

इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरूआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। गाजा पट्टी, लेबनान और लेबनान का खूनखराबा सामने है। हमास, हिजबुल्ला, हूथी का खौफनाक चेहरा दुनिया देख रही है। इजराइल सबसे मुकाबला कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजराइल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं-फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राजील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया।

2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्ध, विस्फोट, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता है: यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले। यह संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सब कुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है। वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महावैज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।

# दिल्ली के हर मतदाता के हाथ में लड्डू !


ऋतुपर्ण दवे

दिल्ली में विधानसभा चुनाव बेहद अलग और दिलचस्प है। मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा अब तो सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी कर रहे हैं। ऐसे में यह चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रह्म प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी।



फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं।

1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रैल में पांच दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामयाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने।

कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आआपा और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल तीन सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आआपा को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।

बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती। भाजपा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोतरी करने जैसा संकल्प यानी एक से एक लुभावनी घोषणाओं का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती।

मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं। काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती। लेकिन फिलहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता। अब दिल्ली की बात कौन करे? देखने लायक होगा कि त्रिकोणीय मुकाबले में कौन किसको कितना नुकसान पहुंचाता है और बाजी जीतता है।

# बड़बोले ट्रंप को चीन और मेक्सिको ने दिखाया आईना

सनत जैन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी राजनीतिक शैली, बड़बोले स्वभाव और विवादास्पद फैसलों के लिए जाने जाते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद उनके कठोर और आक्रामक नीतिगत फैसलों ने वैश्विक मंच पर एक बड़ी अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका की साख पर भी सवाल खड़े हो गये हैं। शपथ ग्रहण के कुछ ही दिनों के अंदर मेक्सिको और चीन जैसे देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप की एकतरफा नीतियों को सीधे चुनौती देकर यह जता दिया है, कि आज की वैश्विक राजनीति में शक्ति-प्रदर्शन और धमकियों की एक सीमा है। यदि इस सीमा और शक्ति का दुरुपयोग किया जाएगा, तो जवाब मिलना तय है।

मेक्सिको ने अमेरिकी सैन्य विमान को अपने देश में उतरने की अनुमति ना देकर ट्रंप की डिपोर्टेशन नीति को बड़ा झटका दे दिया है। यह कदम मेक्सिको की संप्रभुता की रक्षा के लिए लिया गया एक साहसिक निर्णय है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने के लिए जिस तरह का दमनकारी रुख अपनाया, वह मेक्सिको समेत कई देशों को अस्वीकार्य लगा। मेक्सिको का यह फैसला ट्रंप की विदेश नीति की विफलता को उजागर करता है। कमजोर समझे जाने वाले देश अपनी संप्रभुता और स्वाभिमान के लिए दृढ़ रह सकते हैं। इसका पुरजोर जवाब भी दे सकते हैं। इसी तरह से चीन ने ट्रंप प्रशासन को ढंग से रहिए जैसी सख्त भाषा का इस्तेमाल कर कड़ा संदेश दे दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चीन को लेकर जिस तरह के बयान दे रहे थे, उससे लगता था, चीन अमेरिका का गुलाम है। राष्ट्रपति ट्रंप की भाषा गुंडों जैसी थी। उसी भाषा में चीन ने जवाब दे दिया। चीन प्रशासन का यह बयान अमेरिका-चीन संबंधों में बढ़ते तनाव का कारण बन रहा है। ट्रंप के व्यापारिक दबाव और मानवाधिकार पर आधारित आलोचनात्मक रुख को चीन ने खारिज कर दिया है। स्पष्ट है कि चीन, अमेरिका की दादागीरी के आगे झुकने के स्थान पर मुकाबला करने के लिए तैयार है। आज चीन का सस्ता सामान दुनिया भर में निर्यात हो रहा है। अमेरिका से ज्यादा देशों के चीन के साथ व्यापारिक, सामरिक एवं कारोबारी संबंध हैं।

चीन और मेक्सिको ने अमेरिका को जवाब देकर यह स्पष्ट कर दिया है, वे अमेरिका से डरने वाले नहीं हैं। वैश्विक संबंध केवल शक्ति-प्रदर्शन या धमकियों पर आधारित नहीं रह सकते। एक राजा को दूसरे राजा के साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए। यह अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को सीखना होगा। हर देश अपनी संप्रभुता और सम्मान के लिए लड़ने को तैयार है। ट्रंप का मानना है, कि उनकी आक्रामक नीतियां विश्व को



अमेरिका के सामने झुकने पर मजबूर कर देंगी, इन दो घटनाओं से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को सबक लेना चाहिए। भारत को चीन और मेक्सिको देशों से इन परिस्थितियों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मेक्सिको और चीन ने साबित किया है, कूटनीति में आत्मसम्मान और दृढ़ता का होना आवश्यक है। बिना इसके कोई भी राष्ट्र सुरक्षित नहीं हो सकता है।

झुकाकर या दबाकर रिश्ते कायम नहीं रखे जा सकते हैं। यह समय है, भारत अपने स्वाभिमान को प्राथमिकता देते हुए वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा हो। केवल विश्व गुरु कह देने से बात बनने वाली नहीं है। विश्व गुरु बनने के लिए सशक्त विचार और मुकाबला करने की ताकत भी महत्वपूर्ण है। 1971 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिका का जिस तरह से मुकाबला किया था। उससे अमेरिका और अन्य शक्तिशाली राष्ट्र भी हतप्रभ थे। 1980 के बाद अमेरिका जैसे राष्ट्र को भारत के साथ अपने संबंध सुधारने पड़े। तत्कालीन राष्ट्रपति रीगन को इंदिरा गांधी का सम्मान करने के लिए स्वयं उनकी कार तक आना पड़ा था। सम्मान उन्हीं को मिलता है, जो अपने कार्यों से सामने वाले को प्रभावित करते हैं। झुकने और समझौता करने वालों को कभी कोई सम्मान नहीं मिलता है। यह दुनिया का इतिहास है। भारत जिस तरह से अमेरिका के सामने हाथ जोड़कर खड़ा है। अवैध रूप से गए हुए भारतीयों को वापस लेने के लिए स्वयं सहमत हो रहा है। इससे भारत की इज्जत पूरी दुनिया में कम हो रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना सबसे अच्छा मित्र बताते थे। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद वह भारत के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, ऐसा व्यवहार तो दुश्मन भी अपने दुश्मन देश से नहीं करता है।

अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति ट्रंप को दुनिया के देशों से चुनौतियां मिलने की शुरूआत हो चुकी है। यूरोपीय देश भी अमेरिका के विरोध में अपने स्वर मुखर कर रहे हैं। इसके बाद भी अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी नीतियों में संतुलन और दुनिया के देशों के साथ सहयोग का दृष्टिकोण नहीं अपनाया। ऐसी स्थिति में अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर हो सकती है। राजनीतिक और कूटनीतिक जानकार अब यह कहने लगे हैं, जो गलती सोवियत रूस ने 90 के दशक में की थी, वही गलती अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2025 में करते हुए दिख रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो सोवियत रूस जैसा हाल अमेरिका का भी हो सकता है। नीतियों को लागू करने के पहले वह अपने राज्यों से कोई विचार विमर्श नहीं कर रहे हैं। अमेरिका में संघीय व्यवस्था है। अमेरिका के अंदर ही 50 राज्यों में राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के विरोध में स्वर मुखर हो रहे हैं। समय रहते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राज्यों एवं दुनिया के सभी देशों के बीच में समन्वय बनाकर काम करना होगा। यदि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आप में संयम नहीं रखा, तो चीन और भारत जैसे देश से भी उन्हें बड़ी चुनौतियां मिल सकती हैं। जिनका सामना करने की स्थिति में डोनाल्ड ट्रंप नहीं होंगे। इसका खामियाजा अमेरिका को भी भुगतना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के पहले एक कारोबारी थे। राष्ट्रपति बनने के बाद भी कारोबारी हैं। वह गिव एंड टेक के अर्थशास्त्र को पढ़कर राष्ट्रपति बने हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद वह बिना मुनाफे के कोई काम को करना नहीं चाहते हैं। यही उनकी सबसे बड़ी परेशानी है। टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क जो उनके पक्के समर्थक और कैबिनेट के साथी हैं। कुछ ही दिनों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच में कार्य प्रणाली को लेकर मतभेद सामने आने लगे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। बातचीत में संयम बरतें।

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। मित्रों से सावधान रहें।

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सोसायटी में सम्मान मिलेगा।

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है।

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा में मान-सम्मान बढ़ेगा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 28 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### सारण : युवक की हत्या के मामले में बड़ा भाई गिरफ्तार, एक फरार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के एक युवक की हत्या के मामले में उसके बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक भाई फरार है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि एकावना गांव निवासी राहुल कुमार का शव 24 दिसम्बर को मोतिहारी के केसरिया गांव के समीप गंडक नदी में बरामद किया गया था। मृतक की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी राहुल कुमार (21) के रूप में की गयी। इसके बाद पुलिस बहरौली गांव पहुंची और मृतक के परिजनों से पूछताछ शुरू की। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली कि राहुल, नशे का आदी हो गया था। जिसके कारण 24 दिसम्बर की देर रात को राहुल के नशे की हालत में घर पहुंचने पर बड़े भाई पंकज एवं छोटे भाई ने उसकी हत्या कर दी और शव को मोटरसाइकिल के माध्यम से गंडक नदी पर बने पुल से फेंक दिया। इस मामले में पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छोटे भाई के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

### मोतिहारी में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से एक 26 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका बरामद किया गया है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गोढवा पंचायत के बासमनपुर अगरवा गांव की है। मृतक बीरेंद्र प्रसाद के बेटे संजीव कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन में कोहराम मचा हुआ है,जबकि पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजन के अनुसार मृतक संजीव रविवार को दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद घर लौटा था। इसके बाद वह फिर से घर से निकल गया, जिसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई सुराग नही मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना को सूचना दी गई,जिसके बाद पुलिस ने मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर खोजबीन शुरू किया तो युवक का शव उसके घर के समीप बगीचे में एक पेड़ से लटका मिला।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज कर जांच में जुटी है। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,जिसकी रिपोर्ट आने बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला हत्या का है या उसने आत्महत्या की है।फिलहाल पुलिए अन्य एंगल से भी जांच कर रही है।

### महिला स्कूटी चालक की सड़क हादसे में मौत

**कोलकाता।** न्यू टाउन में सुबह सुबह एक और दुर्घटना। एक महिला स्कूटी चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकका का नाम सुचित्रा देबनाथ (33) है। उनका घर पाटुली में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला सोमवार सुबह बिश्व बांग्ला गेट से चिनार पार्क की ओर इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी। तभी इको पार्क के गेट नंबर दो के पास स्कूटी नियंत्रण खो बैठी और डिवाइडर से टकरा गई। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे बचाया और पहले बिधाननगर उपजिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सैफ अली खान पर चाकू से हमला मामले में जांच के लिए मुंबई पुलिस नादिया पहुंची



**कोलकाता।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की जांच के लिए मुंबई पुलिस नदिया जिले के छपरा थाना अंतर्गत बारो अंदुलिया पहुंची है। पता चला है कि गिरफ्तार शरीफुल शहजाद ने खुकुमनी नामक महिला का सिम कार्ड इस्तेमाल किया था। मुंबई पुलिस जांच के लिए नादिया आई।

### कोलकाता पुलिस बैंड को राजभवन में प्रवेश से बाधा, मुख्यमंत्री को करना पड़ा हस्तक्षेप



**कोलकाता।** गणतंत्र दिवस पर कोलकाता पुलिस बैंड को राजभवन में प्रवेश करने से रोकने का आरोप। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजभवन परिसर में खड़े होकर गुस्से से भड़क उठीं। बाद में वह स्वयं जाकर बैंड को गेट से अंदर ले आए। फिर उन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया। परंपरा के अनुसार, मुख्यमंत्री हर साल गणतंत्र दिवस पर राजभवन में आयोजित चाय समारोह में शामिल होते हैं। यह साल भी अलग नहीं था। ममता बनर्जी रविवार शाम 4:29 बजे राजभवन पहुंचीं। राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस और उनकी पत्नी उनके स्वागत के लिए तैयार थे। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही परंपरा के अनुसार राष्ट्रगान शुरू हो गया। उस समय मुख्यमंत्री ने देखा कि वहां बीएसएफ शाखा का सीमा सुरक्षा बैंड तो था, लेकिन कोलकाता पुलिस का कोई बैंड नहीं था। उन्होंने तुरंत पूछा कि क्या हुआ है। मालूम चला कि कोलकाता पुलिस के बैंड को राजभवन के गेट पर रोक दिया गया है। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री काफी नाराज हो गए। फिर वह स्वयं राजभवन के द्वार पर चले गये। वे कोलकाता पुलिस बैण्ड को साथ लेकर आये। बाद में वे इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उस दिन मुख्यमंत्री काफी समय तक राजभवन में रहे। वह राज्यपाल से भी बात करते नजर आ रहे। हालाँकि, यह अभी भी अज्ञात है कि क्या हुआ।

### कोलकाता एयरपोर्ट पर इम्फल से आए यात्री का रक्तरंजित शव मिला, मौत का कारण स्पष्ट नहीं



**कोलकाता।** गणतंत्र दिवस की दोपहर कोलकाता हवाई अड्डे पर एक यात्री का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। यात्री का शव रविवार को हवाई अड्डे के प्रस्थान फ्लाईओवर के नीचे से बरामद किया गया। वह इम्फल से आया था। एनएससीबीआई पुलिस स्टेशन ने जांच शुरू कर दी है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम ओमान रंजन सिंह है। उम्र लगभग 50 वर्ष। रंजन 23 जनवरी को इम्फल से शहर पहुंचे। वह पिछले कुछ दिनों से कोलकाता हवाई अड्डे के परिसर में घूम रहा था। सूत्रों के अनुसार, रविवार को एयरपोर्ट अधिकारियों ने उसे एयरपोर्ट पर घूमते हुए देखा और पूछताछ के लिए कार्यालय ले गए। यह देखने के लिए कि उन्हें कोई शारीरिक समस्या तो नहीं है, उनकी स्वास्थ्य जांच भी की गई। रिपोर्ट में सब कुछ सामान्य होने के कारण उन्हें रिहा कर दिया गया। इसके कुछ ही समय बाद, उसी दोपहर इम्फल के व्यक्ति का रक्तरंजित शव हवाई अड्डे के प्रस्थान फ्लाईओवर के नीचे से बरामद किया गया।

# नवादा में व्यवसायी को गोली मारकर अपराधियों ने 19 लाख रुपए लूटे

एजेंसी



**नवादा।** पुलिस को धता बताते हुए सोमवार को नवादा में अपराधियों ने गोलीबारी कर व्यवसायी को घायल कर 19 लख रुपए लूट लिए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत कायम है। अपराधियों के सामने पुलिस बौनी साबित हो रही है। आए दिन अपराधियों द्वारा बड़ी घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा है।

दिनदहाड़े बेलगाम अपराधियों ने 19 लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया है। जख्मी युवक की पहचान खगड़िया जिला मिथुन कुमार रूप में की गई है। यह घटना नवादा जिले के शाहपुर के पास घटी है, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी अनुसार नवादा जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पास अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए करीब 19 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया। यह घटना इलाके में दहशत फैलाने वाली रही, जहां अपराधियों ने गोलियों की बौछार करते हुए लूट को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, घटना स्थल से एक जिंदा कारतूस और 8 खोखे बरामद किए गए हैं। गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति को पावापुरी के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रही है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

### घटनास्थल से 8 खोखे बरामद

जख्मी व्यक्ति की पहचान मिथुन कुमार के रूप में हुई है। डीएसपी महेश चौधरी ने कहा कि घटनास्थल से मिले 8 खोखों और एक जिंदा कारतूस से पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी मदद से वे अपराधियों की पहचान करने में जुटे हुए हैं। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल बन गया है। वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की विस्तार से जानकारी जुटा रहे हैं।

### पशु व्यवसायी को लगी गोली

सूत्रों के मुताबिक, अपराधी जैसे ही मौके पर पहुंचे, उन्होंने बिना किसी डर के ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और 19 लाख रुपये की लूट की। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग डर के मारे मौके से भाग खड़े हुए। एक पशु व्यवसायी को गोली मारी गई, लेकिन अपराधी वहां से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

### समस्तीपुर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के डीहमाधोपुर गांव निवासी अवध किशोर राय का पुत्र अमरेश राय (46) अपने घर पर था। इस दौरान अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।हत्या का कारण आपसी विवाद है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को जांच के लिये बुलाया गया है।पुलिस की विशेष टीम हत्याकांड में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर चौकसी बरती जा रही है।शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

# महाकुंभ से लौट रहे पूर्वी चंपारण जिले के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत

- अनियंत्रित कार दूसरे लेन में गयी तो तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर
- मृतकों में पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतक सभी बिहार में पूर्वी चंपारण जिले में चिरैया थाना क्षेत्र पीरारी गांव के रहने वाले हैं। जो फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे।

हादसा उस समय हुआ जब सभी प्रयागराज में कुंभ स्नान कर दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और दूसरी लेन में जा घुसी,तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतको में चिरैया के पीरारी गांव निवासी वीर शमशेर सिंह के तीन बेटों में सबसे छोटे पुत्र ओमप्रकाश आर्या (38)उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12), और बेटे विनायक (4)शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार पेशे से वकील ओमप्रकाश आर्या फिलवक्त दिल्ली के उत्तम नगर में अपनी पत्नी और बच्चो के साथ रह रहे थे।रविवार को प्रयागराज कुंभ स्नान के बाद दिल्ली लौट रहे थे।इसी बीच सुबह करीब 9 बजे उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 31 किलोमीटर आगे निकली ही थी,कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और उछलकर दूसरी लेन में चली गई. दूसरी लेन में सामने से आ रहे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तेज धमाका हुआ।

सूचना पर मौके पर पहुंची फतेहाबाद थाना पुलिस ने कार में फंसे चारों शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए आगरा के एसएन अस्पताल भेज दिया है।इधर घटना की सूचना के बाद मोतिहारी के मठिया स्थित उनके अस्थायी घर के साथ ही उनके पैतृक गांव पीरारी में कोहराम मचा हुआ है।पिता समेत उनके परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

## महाराजगंज में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ



संवाददाता

**सीवान।** सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह महाराजगंज के बोर्ड मिडिल स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया, जहां एसडीओ अनिल कुमार ने तिरंगा झंडा फहराया और एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन के साथ परेड की सलामी ली। समारोह के दौरान एसडीओ ने फुलेना शहीद स्मारक, अनुमंडल कार्यालय और अपने आवासीय कार्यालय पर भी तिरंगा झंडा फहराया। इसी तरह अन्य कई महत्वपूर्ण स्थानों पर भी झंडोत्तोलन हुआ, जिनमें उमाशंकर प्रसाद मूर्ति स्थल, कपूर्री ठाकुर मूर्ति स्थल, थाना परिसर, प्रखंड कार्यालय, गांधी शांति उद्यान, नगर पंचायत कार्यालय, एससीडीपीओ कार्यालय, निबंधन कार्यालय, अधिवक्ता संघ, और कई शैक्षिक संस्थानों जैसे गोरख सिंह कॉलेज, केआर एकेडमी, सेंट जोसेफ हाई स्कूल शामिल थे।मुख्य समारोह के बाद, भगवानपुर प्रखंड के सराय पडौली पंचायत भवन पर मुखिया मंटू कुमार द्विवेदी ने भी तिरंगा झंडा फहराया। यह गणतंत्र दिवस समारोह जिले के सभी क्षेत्रों में उत्साह और जोश के साथ मनाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना रहा।

# स्वतंत्रता सेनानी के प्रतिमा स्थल पर लहराया तिरंगा



संवाददाता

**सीवान।** जिले के महाराजगंज मंडल मुख्यालय के उमाशंकर प्रसाद पथ पर स्थित महाराजगंज के मालवीय स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व० उमाशंकर प्रसाद की प्रतिमा स्थल पर गणतंत्र दिवस का समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर उमाशंकर प्रसाद स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार इं. प्रमोद रंजन ने तिरंगा झंडा फहराया।

झंडोत्तोलन से पहले स्व० उमाशंकर प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस सम्मानजनक कार्यक्रम में महाराजगंज के एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, पूर्व विधायक हेम नारायण शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी, अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, सीओ जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, मोहन कुमार, पद्माकर, राजकिशोर गुप्ता, हरिशंकर आशीष, प्रेम कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता और अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित थे। सभी ने श्रद्धा और सम्मान के साथ स्व० उमाशंकर प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान को याद किया।

# बंकर रहस्य के बीच दो रोहिंग्या गिरफ्तार

संवाददाता



**कोलकाता।** बंकर का रहस्य अभी भी अनसुलझा है। इस बीच, नदिया के कृष्णगंज के माजदिया से 2 रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया गया। कथित तौर पर उन्हें बंकर क्षेत्र के 2 किलोमीटर के दायरे में घूमते देखा गया। बांग्लादेश में अशांत स्थिति के कारण घुसपैठ की समस्या ने जटिल रूप ले लिया है। इस बीच, रोहिंग्याओं की हालिया गिरफ्तारियां चिंता बढ़ा रही हैं।

गिरफ्तार किये गये लोगों में एमडी यादव और मोहम्मद नूर शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वे करीब एक साल पहले अवैध रूप से भारत में घुसे थे। इसके बाद वह काम के लिए हैदराबाद चले गए। दोनों युवक पुनः बांग्लादेश भागने की योजना बना रहे थे। स्थानीय लोगों को उस समय संदेह हुआ जब उन्होंने उसे रविवार रात भजनघाट क्षेत्र में घूमते देखा। उन्होंने कृष्णगंज पुलिस थाने को सूचना दी। कृष्णगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने दो रोहिंग्याओं को पुलिस के हवाले कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उनके पास से कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। गिरफ्तार लोगों को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूछताछ के लिए गिरफ्तार व्यक्ति की हिरासत की मांग अदालत में की गयी।

तुंगी सीमा के निकट क्षेत्र में चार भूमिगत बंकरों की खोज की गई है। वहां से कम से कम एक करोड़ रूपए का अवैध कफ सिरप जब्त किया गया। तुंगी सीमा का कंटीले तारों से मुक्त क्षेत्र सोने और प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी का पारगमन मार्ग है। क्या गुप्त बंकर घुसपैठियों के लिए 'सुरक्षित पनाहगाह' हैं? जैसे-जैसे समय बीतता है, अधिक से अधिक प्रश्न उठते हैं। बंकर के रहस्य की गहन जांच चल रही है। इस बीच, जांचकर्ता दो रोहिंग्याओं की गिरफ्तारी से बहुत चिंतित हैं।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2017 में म्यांमार सेना द्वारा ₹नरसंहार₹ और ₹उत्पीड़न₹ के कारण लगभग 700,000 रोहिंग्या देश छोड़कर बांग्लादेश चले गए थे। इस बीच, पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में आंतरिक स्थिति तनावपूर्ण रही है। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए, बांग्लादेशी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर लगी कंटीली तारों को पार करके बड़ी संख्या में भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे हैं। बीएसएफ के प्रयासों से घुसपैठ के कई प्रयासों को रोका गया है। हालाँकि, तस्करी को रोका नहीं जा सका। जो चिंता का विषय है।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जलाया कुलपति का पुतला

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय इन दिनों धरना प्रदर्शन का अड्डा बनता जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति डॉ जवाहरलाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट के सामने उनका पुतला दहन किया। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कुणाल पांडे ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। टीएनबी कॉलेज में छात्रा सुरक्षित नहीं है। हॉस्टल में छात्रों के साथ मारपीट की घटना सामने आती है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीएनबी कॉलेज के प्रिंसिपल छात्रों की सुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अविलंब सुधार की जरूरत है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

**आरजी कर मामला** > पीड़ित परिवार ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

# हम नहीं चाहते कि राज्य या सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में संजय को फांसी हो!

संवाददाता

**कोलकाता।** पीड़ित परिवार संजय रॉय के लिए मृत्युदंड नहीं चाहते है, जिसे आरजी कर मामले में दोषी ठहराया गया है। उन्होंने सोमवार को कोलकाता हाई कोर्ट में यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी की खंडपीठ ने इस बात पर भी सुनवाई की कि इस संबंध में राज्य का आवेदन स्वीकार्य है या नहीं। अदालत ने फैसले की घोषणा स्थगित कर दी है।

निचली अदालत ने आरजी कर मामले में संजय को दोषी ठहराया है। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। राज्य और सीबीआई ने संजय के लिए मृत्युदंड की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में अलग-अलग मामले दायर किए हैं। पीड़ित परिवार ने कहा कि वे केवल उस मामले के संदर्भ में संजय के लिए अधिकतम सजा नहीं चाहते हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकील शमीम अहमद ने कहा, ‘राज्य और सीबीआई के आवेदन में हमारी कोई भूमिका नहीं है।’ अदालत यह तय करेगी कि उनका आवेदन स्वीकार किया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा, ‘हम राज्य और केंद्र के आवेदन से संबंधित इस मामले में संजय के लिए अधिकतम सजा नहीं चाहते हैं।’





अदालत के बाहर पीड़िता के पिता ने कहा, ‘हम चाहते हैं कि इस घटना में शामिल सभी लोग, सिर्फ संजय ही नहीं, सामने आएं।’ हर किसी को अंतिम सजा मिलनी चाहिए। इसलिए हम इस मामले में उसके लिए अधिकतम सजा की मांग नहीं कर रहे हैं। ‘बाकी बातें हमारे वकील बताएंगे।’ क्या आपको अदालत पर भरोसा है? पीड़िता के पिता ने कहा, ‘राज्य पुलिस ने हमारा भरोसा तोड़ा है।’ सीबीआई भी जांच नहीं कर सकी, जैसा कि निचली अदालत में देखा गया। ‘हम उन पर भरोसा करेंगे जो मेरी बेटी को न्याय दिला सकेंगे।’

सियालदह अदालत ने संजय को दोषी पाया लेकिन उसे अधिकतम मृत्युदंड की सजा नहीं सुनाई। न्यायाधीश अनिर्बान दास ने कहा कि संजय का अपराध सिद्ध हो गया है। लेकिन यह कोई 'दुर्लभतम' घटना नहीं है। इसलिए उन्होंने मृत्युदंड नहीं दिया। अदालत ने संजय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। राज्य सरकार ने इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उन्होंने संजय को मौत की सजा देने की अपील की। बाद में सीबीआई ने उच्च न्यायालय में राज्य के मामले पर सवाल उठाए। इस मामले में जांच एजेंसी सीबीआई है। वे जानना चाहते हैं कि क्या राज्य के पास यह मामला दर्ज करने का अधिकार है। इसके बाद उन्होंने इसी आवेदन के साथ उच्च न्यायालय में भी मामला दायर किया।

सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने कहा कि सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 377 और 378 में कहा गया है कि जांच एजेंसी के अलावा राज्य भी आवेदन दायर कर सकता है। इस मामले में, राज्य को यह अधिकार 'और' शब्द जोड़कर दिया गया।

# पलामू में गणतंत्र दिवस पर भव्य आयोजन





संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में 76 वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झंडोत्तोलन किया। समारोह में प्रमंडल के आयुक्त, उपायुक्त, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित विभिन्न अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। झंडोत्तोलन के बाद भव्य झांकियों और परेड का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में जिला कृषि विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस झांकी में समेकित कृषि प्रणाली और कृषक पाठशाला की झलक पेश की गई। ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल की झांकी को दूसरा और परिवहन विभाग की झांकी को तीसरा पुरस्कार दिया गया। परेड प्रतियोगिता में आईआरबी महिला प्लाटून ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि संत जेवियर अकादमी को दूसरा और जिला सशस्त्र बल (पुरुष) को तीसरा स्थान दिया गया। पुलिस विभाग द्वारा निकाली गई झांकी में आत्मसमर्पण नीति को प्रदर्शित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा और अबुआ आवास योजना पर आधारित झांकी प्रस्तुत की। स्वास्थ्य विभाग ने भ्रूण हत्या और सामाजिक बुराइयों के दुष्प्रभाव को दर्शार्या। समाज कल्याण विभाग ने बाल विवाह और महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों को झांकी के माध्यम से उठाया। वहीं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन को अपनी झांकी का विषय बनाया। पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालकों की प्रगति को प्रदर्शित किया। विभाग ने आदिम जनजाति समुदाय को पीएम-जनमन योजना से लाभान्वित करने की झलक पेश की। कार्यक्रम में कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सतबरवा और बीसीसी मिशन स्कूल की बच्चियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। बेहतर परेड प्रबंधन के लिए परिचारी प्रवर को और आकर्षक बैंड प्रदर्शन के लिए बीसीसी मिशन स्कूल की बच्चियों को सम्मानित किया गया।

**उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया**

जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने आवासीय कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया। इसके बाद समाहरणालय, पलामू क्लब और रेड क्रॉस सोसाइटी में झंडोत्तोलन किया गया। इन कार्यक्रमों में विभिन्न पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

**आशी केयर अस्पताल में गणतंत्र दिवस का आयोजन**

आशी केयर अस्पताल में भी गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने झंडोत्तोलन किया और कहा कि मानव सेवा ही सच्ची देश सेवा है। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को ईमानदारी और निष्ठा से करना ही राष्ट्र के प्रति समर्पण है। संचालक अमितेश पांडेय ने भी ईमानदारी से काम करने की महत्ता पर जोर दिया। इस अवसर पर अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के इन आयोजनों ने देशभक्ति और सेवा भावना को प्रबल करते हुए जनता को प्रेरित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिहरगंज में जागो सेवा ट्रस्ट और लाइब्रेरी का हुआ भव्य उद्घाटन

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के अंबा एन एच- 98 के किनारे स्थित जगन बिगहा में जागो सेवा ट्रस्ट और लाइब्रेरी का उद्घाटन हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर श्री मेहता ने कहा कि यह लाइब्रेरी क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को पठन-पाठन में अत्यधिक सहायक सिद्ध होगी।

लाइब्रेरी में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें वातानुकूलित वातावरण, फ्री वाईफाई, सीसीटीवी कैमरे और अध्ययन के लिए उपयुक्त माहौल शामिल है। लाइब्रेरी के व्यवस्थापक अभिमन्यु वर्मा ने इसके महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी का उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां वे अपनी शिक्षा को बेहतर बना सकें। इस अवसर पर अरविंद बोस, अमरेश कुमार, प्रेम कुमार, रंजीत कुमार और क्षेत्र के अन्य समाजसेवी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसके लाभों को रेखांकित किया।

### अविनाश वर्मा ने विभिन्न संस्थानों और कार्यालयों में झंडोतोलन किया

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी अविनाश कुमार वर्मा ने 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर के कई शिक्षण संस्थानों और कार्यालयों में झंडोतोलन कर राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान की महानता और इसकी रक्षा करने वाले कानून के रक्षकों का आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने 26 जनवरी 1950 को भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 21 तोपों की सलामी के साथ किए गए ऐतिहासिक झंडोतोलन को नमन किया। अविनाश वर्मा ने झंडोतोलन के कार्यक्रम के तहत पांकी रोड स्थित दायित्व ट्रस्ट कार्यालय, हामिदगंज स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, ब्राइट फ्यूचर किड्स स्कूल, शिवाजी मैदान स्थित होली क्रॉस स्कूल, कनीराम चौक स्थित जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल और बायपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय में राष्ट्रध्वज फहराया। इसके साथ ही उन्होंने बीस फूटा स्थित भाजपा जिला कार्यालय, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कार्यालय, और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कार्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी भाग लिया। अविनाश वर्मा ने इन सभी संस्थानों और कार्यालयों में उपस्थित जनसमूह को संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया और युवाओं को प्रेरित किया।

### देश का संविधान हमारी शान है : डॉ. विनोद कुमार

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के कौआखोह पिरोजी स्थित डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल और डॉ० विनोद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ० विनोद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के निदेशक डॉ० विनोद कुमार और डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ० मनोज कुमार ने झंडोतोलन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता उपस्थित रहे।गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, स्वागत गीत और नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें डॉ० चंदन कुमार, डॉ० रूबी देवी, डॉ० सपना कुमारी, डॉ० अनीता देवी, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, आशा देवी, इरफान शाहिद, सूरजमल राम, राजकुमार गौतम, जीप सदस्य जितेंद्र कुमार रवि, पूर्व मुखिया सुनील भुइयां, मोहन मिश्रा, रणजीत कुमार, और शिक्षकगण शामिल थे। सभी अतिथियों ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को देशसेवा के प्रति प्रेरित किया।

### झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान, जिला प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस पर झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित न करना जिला प्रशासन की झारखंड विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने इसे साजिश बताते हुए कहा कि राज्य के अन्य जिलों में आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, अंगवस्त्र और ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। लेकिन पलामू जिला प्रशासन ने आंदोलनकारियों को समारोह में आमंत्रित तक नहीं किया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने बताया कि सामान्य शाखा की पदाधिकारी रश्मि रंजन और नजारत उपसमाहर्ता बिक्रम आनंद ने सोची-समझी साजिश के तहत यह षड्यंत्र रचा।संघर्ष मोर्चा ने जिला प्रशासन पर राज्य सरकार और उपायुक्त को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। झारखंड आंदोलनकारी वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को भी इस कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई। संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने परिषदन भवन में मंत्री से मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मंत्री ने इस उपेक्षा को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि आंदोलनकारियों का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।झारखंड आंदोलनकारियों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य मंत्रियों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

## माता शबरी जयंती समारोह आयोजन समिति का गठन, तैयारियों की हुई शुरुआत



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** माता शबरी मंदिर प्रांगण में भुईयां परिवार की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजू भुईयां ने की, जबकि संचालन सिकंदर भुईयां ने किया। बैठक में आगामी 24 फरवरी 2025 को जिला स्तर पर माता शबरी जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर माता शबरी जयंती समारोह आयोजन समिति का गठन भी किया गया।समिति में सर्वसम्मति से मनोज कुमार भुईयां को अध्यक्ष, चंदन कुमार भुईयां को सचिव और सिकंदर भुईयां को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रदीप चावला को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को उपसचिव सह मीडिया प्रभारी, और मनोज भुईयां पंपुकल को संगठन सचिव नियुक्त किया गया। समिति के कार्यकारिणी सदस्यों में अनुज कुमार भुईयां, बबलू भुईयां, रविंद्र भुईयां को शामिल किया गया, जबकि संरक्षक मंडल में राजू भुईयां, सुनील भुईयां, पारसनाथ भुईयां, रविंद्र भुईयां, और श्यामनारायण भुईयां समेत अन्य वरिष्ठ सदस्यों को जगह दी गई।

नवमनोनीत अध्यक्ष मनोज कुमार भुईयां ने कहा कि इस बार माता शबरी जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समाज के लोगों का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को एकजुट कर इस समारोह को भव्य रूप से मनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में समाज की एकता और परंपराओं को सहेजने पर भी जोर दिया गया।बैठक में बड़ी संख्या में भुईयां परिवार के सदस्य उपस्थित थे और सभी ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पलामू सेंट्रल जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

### बंदियों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देशानुसार पलामू सेंट्रल जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को उनके अधिकारों और विधिक सहायता के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली और झालसा रांची की ओर से बंदियों के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तहत जेल अदालत और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बंदियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को निसंकोच साझा करें और प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि कानून का पालन करना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कानून का पालन न करने पर जेल और जुमार्ना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गरीब बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है, ताकि न्याय पाने में गरीबी बाधा न बने। असिस्टेंट उत्तम कुमार ने बताया कि बंदी अपनी विधिक सहायता की जरूरतों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पास आवेदन भेज सकते हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता और गरीब बंदियों का निःशुल्क केस लड़ा जाता है। उन्होंने बंदियों को पैरोल और अन्य विधिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में असिस्टेंट पुष्कर राज, वीर विक्रम वक्ष राय, नीतू सिंह, पीएलवी नीरज सिंह सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। बंदियों ने कार्यक्रम के दौरान अपनी समस्याओं को साझा किया और समाधान के लिए विधिक सहायता प्राप्त की।

## 76वें गणतंत्र दिवस पर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में शान से फहराया गया तिरंगा



संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख कमला देवी, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और सीओ मनीष सिन्हा ने झंडा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी ने ध्वजारोहण किया, जबकि हरिहरगंज थाना परिसर में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने झंडे को सलामी दी। शैक्षणिक संस्थानों में डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल, महावीर स्वास्थ्य संस्थान और नेशनल पब्लिक स्कूल में पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय कौवाखोह और लुमिनस पब्लिक स्कूल जैसे अन्य शिक्षण संस्थानों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और विभिन्न पंचायत सचिवालयों में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति निष्ठा व्यक्त की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रखंड के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षक, और आम जनता मौजूद रहे। सभी ने एक साथ राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की भावना को प्रकट किया।

## पीपरा प्रखंड क्षेत्र में 76 वें गणतंत्र दिवस पर हुआ भव्य ध्वजारोहण



संवाददाता

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में पूरे जोश और उत्साह के साथ तिरंगा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, बीडीओ विनय कुमार और सीओ जितेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। पीपरा थाना परिसर में प्रभारी थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने तिरंगे को सलामी दी। शैक्षणिक संस्थानों में धनवानी प्लस टू उच्च विद्यालय और सतरोनंत उच्च विद्यालय में गणतंत्र दिवस का आयोजन बेहद उत्साहपूर्वक हुआ। प्रधानाध्यापक और शिक्षकगण ने छात्रों को देश की स्वतंत्रता और संविधान की महत्ता के बारे में बताया। सरैया, मधुबाना और दलपतपुर पंचायत सचिवालयों में भी झंडा फहराया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा प्रोजेक्ट धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। झारखंड के वित्त विभाग और पलामू के डीसी ने उनके योगदान की सराहना की। गणतंत्र दिवस के इस भव्य आयोजन में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, समाजसेवी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। समारोह के अंत में राष्ट्रगान गाकर सभी ने देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया।

## गणतंत्र दिवस पर छात्रावास में झंडोत्तोलन और विचार गोष्ठी का आयोजन



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर छात्रावास अधीक्षक प्रो० अजय राम ने छात्रावास परिसर में झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान राष्ट्रीय गान और झंडे को सलामी दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन वरिष्ठ छात्र यशवंत कुमार पासवान ने किया। विचार-गोष्ठी में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो० अजय राम ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारे देश भारत ने अंग्रेजी हुकूमत की जंजीरों को तोड़कर स्वतंत्रता प्राप्त की। इस स्वतंत्रता संग्राम में अनेक महापुरुषों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 को बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किया गया संविधान लागू किया गया, जो विश्व का सबसे सुंदर और समतामूलक समाज की स्थापना का मार्गदर्शन करने वाला संविधान है। उन्होंने छात्रों को संविधान की रक्षा करने और इसके प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ छात्रों प्रदीप कुमार, अनुराग कुमार, शशि कुमार, परमानंद, घनश्याम पासवान, और प्रेम कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने गणतंत्र दिवस के महत्व और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में छात्रावास के सभी छात्र उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। झंडोत्तोलन और विचार गोष्ठी का आयोजन छात्रों में देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

**बैठक** उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय सभागार में हुई आयोजित

# 11 फरवरी से दो दिवसीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन इस वर्ष 11 और 12 फरवरी 2025 को किया जाएगा। मेले की तैयारी के लिए उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में एक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा, और सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही, भूमि पट्टा और कम्युनिटी पट्टा का वितरण भी किया जाएगा।

**भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष निर्देश**

उपायुक्त ने मेले में आने वाली भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर सीओ और संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्लान तैयार करने की बात कही गई। इसके अलावा, मेला समिति को वॉलिंटियर्स नियुक्त कर उनके बीच पहचान पत्र (आई-कार्ड) वितरण करने और पर्याप्त मात्रा में फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

**नगर निगम को सफाई और सुंदरीकरण के निर्देश**

उपायुक्त ने नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित सफाई सुनिश्चित करने और रंग-रोगन व सुंदरीकरण पर ध्यान देने को कहा। यातायात व्यवस्था और चिकित्सा सुविधा के लिए अलग से योजना बनाने की बात भी कही गई। इसके अलावा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० असीम कुमार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के माध्यम से मेले की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीएम, सिविल सर्जन, सहायक पुलिस अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, मेला समिति के अध्यक्ष एवं सचिव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## छतरपुर के बीडीओ को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया



संवाददाता

**छतरपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं उपायुक्त शशि रंजन द्वारा छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आशीष कुमार साहू को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मईया सम्मान योजना सहित अन्य विकासात्मक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद बीडीओ आशीष कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि छतरपुर में बतौर बीडीओ मेरा एक वर्ष पूर्ण हुआ है। इस दौरान कर्मभूमि के लिए जो कुछ कर सका, उसके लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस दोनों अवसरों पर मुझे सम्मानित किया गया। इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### 38वां नेशनल गेम्स उत्तराखंड, वुशु टीम का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मे खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के सहयोग से आयोजित वुशु प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गयी। इस शिविर का आयोजन खेल कूद निदेशालय के सहयोग से 6 जनवरी से किया जा रहा था। इस शिविर मे वुशु के चयनित 38 खिलाड़ी भाग ले रहें थे। शिविर मे उन्हें झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के कोच शैलेन्द्र दुबे और दीपक गोप के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। झारखण्ड वुशु खिलाडी कल रांची रेलवे स्टेशन से देहरादून के लिए रवाना हो गए। इसकी जानकारी देते हुये झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया की वुशु दल आज दिल्ली पहुंचेगी और फिर वन्दे भारत ट्रेन से देहरादून के लिए रवाना होंगी। वुशु इवेंट 29 जनवरी से प्रारम्भ होंगे। झारखण्ड से अभी तक ट्राईथलॉन और हैंडबॉल दल रवाना हो चुका है। और आज वुशु का 24 सदस्यों वाला दल रवाना होगा।

### झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन कार्यालय परिसर में झंडोतोलन कार्यक्रम सम्पन्न



**रांची।** झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन कार्यालय परिषर मे झंडोतोलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी और खिलाडी उपस्थित थे। इस पावन अवसर पर चंचल भट्टाचार्य ने झांडोतोलन किया। राष्ट्रीय गीत के साथ सम्पन्न हुये इस कार्यक्रम मे चंचल भट्टचार्य सहित, उदय साहू, रितेश झा, प्रभाकर वर्मा, राम प्रसाद, अगनू, राजु साहू, कृष्णा कुमार, शैलेन्द्र दुबे शैलेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेलों में अपनी चमक बिखेरने को तैयार रिलायंस फाउंडेशन के एथलीट

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की मेजबानी में हो रहे राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण में 50 से अधिक रिलायंस फाउंडेशन के एथलीट एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, निशानेबाजी, जूडो, भारोत्तोलन, कुश्ती और टेबल टेनिस सहित आठ खेलों में भाग लेंगे। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होने वाले इन खेलों में भारत की कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं से रोमांचक प्रदर्शन की उम्मीद है। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन मुख्य आकर्षण में से एक हैं, जो पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा में भाग ले रही हैं। उनके साथ उभरती हुई जूडो सनसनी हिमांशी टोकस भी शामिल होंगी, जिन्होंने हाल ही में कैसाब्लांका में अफ्रीकी कप में शानदार जीत के बाद जूनियर विश्व की शीर्ष 5 रैंकिंग में जगह बनाई है।

### भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर करियर की धमाकेदार शुरुआत की



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने अपने पेशेवर मुक्केबाजी करियर की शानदार शुरूआत करते हुए लास वेगास के कॉस्मोपॉलिटन में खेले गए मुकाबले में एल्टन विगिन्स पर पहले राउंड में स्टॉपेज के जरिए शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला 25 जनवरी को डिएगो पचेको बनाम स्टीव नेल्सन अंडरकार्ड का हिस्सा था। निशांत, जो पहले ही एडी हर्न और मैचरूम बॉक्सिंग के साथ करार कर चुके हैं, को पूर्व पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह जीत उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत देती है और भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक नया आयाम जोड़ती है। निशांत देव ने 2024 पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था।

## वेस्टइंडीज ने 1990 के बाद पाकिस्तान की धरती पर जीता पहला टेस्ट मैच

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 120 रन से हराया, सीरीज 1-1 से रही बराबर

● पाकिस्तान की पहली पारी 154 रन पर ऑलआउट हो गई, वेस्टइंडीज को पहली पारी में नौ रन की बढ़त मिली



● वेस्टइंडीज के लिए यह ऐतिहासिक जीत है, क्योंकि उसने 1990 के बाद पाकिस्तान की धरती पर पहला टेस्ट मैच जीता है

**मुल्तान। एजेंसी**

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच में 120 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज के लिए यह ऐतिहासिक जीत है, क्योंकि उसने 1990 के बाद पाकिस्तान की धरती पर पहला टेस्ट मैच जीता है। इस मैच में जीत के साथ दोनों टीमों के बीच दो मैचों की यह टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई। मुल्तान में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 163 रन बनाए थे। इसके बाद पाकिस्तान की पहली पारी 154 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे वेस्टइंडीज को पहली पारी में नौ रन की बढ़त मिली। फिर वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 244 रन का स्कोर बनाया। इससे पाकिस्तान को जीत के लिए 254 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे और टीम तीसरे दिन 133 रन पर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज की पहली पारीवेस्टइंडीज ने पहली पारी में 41.1 ओवर बल्लेबाजी करते हुए 163 रन बनाए थे। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन स्पिनर गुडाकेश मोती ने बनाए। उन्होंने दबाव में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 87 गेंदों में बेहतरीन 55 रन बनाए। वहीं केमार रोच ने 25 रन, कावेम हॉज 21 रन और जोमेल वारिकन ने नाबाद 36 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 6 विकेट, साजिद खान 2 विकेट, काशिफ अली और अबरार अहमद ने 1-1 विकेट लिया।

**पाकिस्तान की पहली पारी**

पाकिस्तान ने पहली पारी में 47 ओवर बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाए। टीम के लिए मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। रिजवान के अलावा सऊद शकील 32, शान मसूद 15, बाबर आजम 01, कामरान गुलाम 16, साजिद खान 16 रन, सलमान आगा 9 रन, मोहम्मद हुरैरा 9 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के लिए जोमेल वारिकन ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। गुडाकेश मोती ने 3 विकेट और केमार रोच ने 2 विकेट हासिल किए। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी दूसरी पारी में वेस्टइंडीज ने 244 रन का स्कोर बनाया। दूसरी पारी में कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने 52 रन, आमिर जंगू ने 30 रन, तेविन इमलाक ने 35 और केविन सिंक्लेयर ने 28 रन गुडाकेश मोती 18 रन, जोमेल वारिकन 18 रन और कावेम हॉज 15 बनाए।
पाकिस्तान के लिए साजिद खान और नोमान अली ने 4-4 विकेट झटके। अबरार अहमद और काशिफ अली को 1-1 विकेट मिला। पाकिस्तान की दूसरी पारी 133 रन पर ढेर, मिली करारी हारपाकिस्तान टीम को दूसरी पारी में जीत के लिए 254 रनों का लक्ष्य मिला।

### आईओए और एनजीओसी ने एथलीट सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति (एनजीओसी) ने उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल-2025 के दौरान एथलीटों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष सुरक्षा टेलीफोन हेल्पलाइन की स्थापना की है। इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण तैयार करना है। आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा यह हेल्पलाइन खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। यह खेलों के दौरान उत्पीड़न, दुर्व्यवहार और अन्य प्रतिकूल घटनाओं को रोकने और हल करने में मदद करेगी। डॉ. उषा ने बताया कि इस पहल के तहत एक सुरक्षा समिति भी गठित की गई है। समिति की अध्यक्षता नीतल नारंग और दीपा मेहता कर रही हैं। यह समिति सुरक्षा संबंधी मुद्दों की रोकथाम के लिए काम करेगी और आने वाली शिकायतों पर गोपनीयता के साथ तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। सभी प्रतिभागियों के लिए सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं, लेकिन समिति विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों के समर्थन पर ध्यान केंद्रित करेगी। डॉ. उषा ने कहा यह पहल आईओए और एनजीओसी की खेलों में एक सुरक्षित और समावेशी माहौल बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। डॉ. उषा ने बताया कि सुरक्षा समिति घटनाओं का दस्तावेजीकरण करेगी।

## स्मृति मंधाना बनीं आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी ने महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के सम्मान से नवाजा है। 28 वर्षीय मंधाना ने इस साल 50 ओवर के प्रारूप में अपनी शानदार बल्लेबाजी से नया कीर्तिमान रचा। स्मृति मंधाना ने 2024 में कुल 13 पारियों में 57.86 के औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से 747 रन बनाए।
इस दौरान उन्होंने चार शतक जड़े, जो महिला वनडे क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड है। जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में मंधाना ने लगातार दो शतक लगाकर टीम को 3-0 से जीत दिलाई। अक्टूबर में अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मुकाबले में उन्होंने मैच जिताने वाला शतक बनाया। दिसंबर में, पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बावजूद उन्होंने साल का चौथा शतक जड़ा। आईसीसी महिला चैंपियनशिप में शीर्ष पर मंधाना के 2024 के प्रदर्शन ने उन्हें आईसीसी महिला चैंपियनशिप के रन स्कोरर चार्ट में शीर्ष पर पहुंचा दिया। वह इस प्रतियोगिता में चार अंकों तक पहुंचने वाली सिर्फ पांच बल्लेबाजों में से एक हैं।
अपने 24 मैचों में मंधाना ने कुल 1358 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने इस साल 747 रन बनाए, जो उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी लॉरा वोल्वाडर्ट (697 रन), टैमी ब्यूमोंट (554 रन) और हेले मैथ्यूज (469 रन) से कहीं अधिक हैं। मंधाना का यह प्रदर्शन महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। आईसीसी ने उन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए कहा कि उनके शानदार शतक और निरंतरता ने 2024 में उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग खड़ा किया।

### आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए अजमतुल्लाह

**दुबई।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई को सोमवार को आईसीसी अवार्ड्स में आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने टी20 आई और फ्रैंचाइज्ज क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वनडे में वह सबसे प्रभावशाली साबित हुए। उन्होंने वर्ष का समापन अपनी राष्ट्रीय टीम के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी और दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में किया, जिसमें अफगानिस्तान ने 2024 में अपनी पांच में से चार वनडे सीरीज जीतीं। वह अफगानिस्तान के लिए लगातार चार वनडे सीरीज जीतने में केंद्रीय भूमिका में थे, क्योंकि उनकी टीम ने आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत हासिल की। अफगानिस्तान के इस ऑलराउंडर ने पूरे साल बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन किया।

## एफसी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को हराकर लगातार चौथी बार महिला सुपर कप जीता



**मैड्रिड। एजेंसी**

एफसी बार्सिलोना की महिला फुटबॉल टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए रविवार को रियल मैड्रिड को 5-0 से करारी शिकस्त दी और लगातार चौथी बार महिला सुपर कप का खिताब अपने नाम किया। बार्सिलोना, जो स्पेन की लीगा एफ में 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बनाए हुए है, ने मैच के हर क्षण में अपना वर्चस्व दिखाया। मैच के 30वें मिनट में नॉर्वे की कैरोलिन ग्राहम-हैनसेन ने पहला गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। इसके बाद 37वें मिनट में पोलिश फॉरवर्ड इवा पाजोर ने शानदार गोल करते हुए बढ़त को 2-0 कर दिया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में पाजोर ने एक और गोल कर बार्सिलोना को 3-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने अपना आक्रमण जारी रखा। 62वें मिनट में पैट्री गुइजारो ने दूर से शक्तिशाली शॉट मारकर चौथा गोल किया। मैच के 85वें मिनट में कप्तान एलेक्सिया पुटेलस ने हेडर से गोल करते हुए स्कोर 5-0 कर दिया। यह स्कोर अंत तक बरकरार रहा। यह जीत बार्सिलोना की महिला टीम के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। लगातार चार महिला सुपर कप खिताब जीतकर बार्सिलोना ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और टीमवर्क का परिचय दिया है। मैच के दौरान बार्सिलोना ने न केवल अपने आक्रमण को मजबूती से प्रदर्शित किया, बल्कि रियल मैड्रिड को कोई मौका नहीं दिया।

## चीन को रजत, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया का दबदबा



**जकार्ता। एजेंसी**

इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 रविवार को इस्तोरा सेनयान स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मिश्रित युगल फाइनल में चीन के गुओ झिनवा और चेन फांगहुई जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और नात्सु सैतो के हाथों 21-15, 21-17 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गए। यह मुकाबला 34 मिनट तक चला, जिसमें जापानी जोड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाया। पुरुष एकल फाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न ने मेजबान इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 18-21, 21-17, 21-18 से हराया और खिताब पर कब्जा जमाया। थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन ने महिला एकल फाइनल में दक्षिण कोरिया की सिम यू-जिन को सीधे सेटों में 21-18, 21-17 से हराते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## व्यापार

### सेबी प्रमुख बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को खत्म होगा, केंद्र ने मांगे नए आवेदन



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरपर्सन पद के लिए सोमवार को आवेदन आमंत्रित किए हैं। वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग ने जारी विज्ञापन में आवेदन देने की अंतिम तारीख 17 फरवरी तय की है। मौजूदा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त हो रहा है।
मंत्रालय के अनुसार सेबी प्रमुख की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम 5 वर्ष की अवधि या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु होने तक (जो भी पहले हो) के लिए की जाएगी। विज्ञापन में कहा गया है कि चेयरपर्सन को भारत सरकार के सचिव के बराबर वेतन मिलेगा, जो 5,62,500 रुपये प्रति महीना (मकान व कार के बिना) है। आर्थिक मामलों के विभाग ने सेबी के अध्यक्ष पद के लिए कई अखबारों में विज्ञापन छपवाए हैं। पूंजी बाजार नियामक सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच का तीन साल का कार्यकाल 28 फरवरी को पूरा हो रहा है। बुच ने 2 मार्च, 2022 को सेबी प्रमुख का पदभार संभाला था। बुच सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन के साथ-साथ निजी क्षेत्र से आने वाली पहली और सबसे कम उम्र की रही हैं। इससे पहले वह अप्रैल, 2017 से अक्टूबर, 2021 तक सेबी की पूर्ण-कालिक सदस्य के तौर पर कार्यरत थीं।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,101.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने में 0.49 प्रतिशत टूट कर 19,956.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 136.74 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 44,285.52 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार होता रहा।

## शेयर बाजार में कमजोरी, लाल निशान पर सेंसेक्स और निफ्टी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार निचले स्तर से कुछ हद तक रिकवर करने में सफल रहा। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक फिलहाल लाल निशान में ही कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ब्रिटानिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले और आईटीसी के शेयर 1.62 प्रतिशत से लेकर 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। जेएसडब्ल्यू स्टील, श्रीराम फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और इंडसइंड बैंक के शेयर 2.58 प्रतिशत से लेकर 1.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।
अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,414 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 223 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,191 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### केंद्र ने भारतीय मानक समय को समकालिक करने के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने पूरे भारत में समय को एक समान करने के लिए सोमवार को भारतीय मानक समय (आईएसटी) नियम, 2025 का मसौदा अधिसूचित किया है। इन नियमों का लक्ष्य देश में 'एक राष्ट्र, एक समय' के जरिये देशव्यापी आईएसटी में एकरूपता लाना है। इन नियमों को लागू करके भारत सरकार देशभर में सटीक और एकसमान समयपालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रही है, जिससे तकनीकी उन्नति, आर्थिक दक्षता और रणनीतिक सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उपभोक्ता मामले के विभाग ने एक राष्ट्र, एक समय के लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय मानक समय (आईएसटी) में सटीकता लाने के लिए राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) और भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर मिलीसेकंड से माइक्रोसेकंड की शुद्धता के साथ आईएसटी को प्रसारित करने के लिए एक परियोजना की शुरूआत की है।
इसका उद्देश्य पूरे देश में पांच विधिक मापविज्ञान प्रयोगशालाओं से आईएसटी के प्रसार के लिए प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। उपभोक्ता मामले के विभाग के सचिव की अध्यक्षता में गठित इस समिति में एनपीएल, इसरो, आईआईटी कानपुर, एनआईसी, सीईआरटी-इन, सेबी और रेलवे, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं जैसे प्रमुख सरकारी विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं। मसौदा विधिक माप विज्ञान (भारतीय मानक समय) नियम 15 जनवरी को सार्वजनिक परामर्श के लिए विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन राष्ट्रीय पक्षियों की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पलवल जिले के गांव जैनपुर में चार लोगों ने तीन मोरों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया, बाकी तीन भागने में सफल रहे। पुलिस का कहना है कि तीनों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गांव जैनपुर के सरपंच सरजीत ने वन्य जीव रक्षक हंसराज को इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद पहुंचे अधिकारियों को तीन मृत मोर खून से लथपथ एक कट्टे में लिपटे मिले। तब तक एक आरोपित अनीश को दबोचा जा चुका था। उसने मौके से भागे अपने तीन साथियों के नाम शराफत, नदीम और परवेज बताए।

### तालाब में मिला कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर स्थित तालाब में रविवार मानव कंकाल मिलने की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच करने पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करते हुए कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव इतने दिन पुरना हो गया था कि यह पहचान पाना मुश्किल था कि वह महिला का है या किसी पुरूष का हालांकि पुलिस आस-पास के इलाके में पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इलाकाई लोगों ने सूचना दी थी कि बैकुंठपुर गांव स्थित तालाब में एक कंकाल देखा गया है।

### पाकिस्तान के खुजदार में कार बम विस्फोट में दो की मौत, सात घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में रविवार को हुए कार बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट खुजदार-शाहदादकोट राजमार्ग पर खोरी इलाके में हुआ। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, लेवी अधिकारियों ने कहा कि यह शक्तिशाली विस्फोट तब हुआ जब एक बस उस इलाके से गुजर रही थी। इसदौरान विस्फोटकों से लदी एक कार में विस्फोट हो गया। कलात डिवीजन के कमिश्नर नईम बजई ने इसकी पुष्टि की। खुजदार के सहायक आयुक्त हफीजुल्लाह काकर का कहना है कि घायलों में बस चालक और क्लीनर भी शामिल हैं। इस घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान शिराज और सनाउल्लाह के रूप में हुई है।

### माओवादियों ने की एक ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के थाना थाना भैरमगढ़ क्षेत्र के ग्राम केशामुंडी में रविवार बीती देर शाम ग्रामीण भदरू सोढ़ी पिता हिडमा (उम्र 41वर्ष) की माओवादियों के द्वारा घर में घुस कर गद्दार बताते हुए कुल्हाड़ी से मार कर हत्या की गई है। जिससे आम ग्रामीणों में भय एवं दहशत है। सोमवार भैरमगढ़ थाना द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में दी गई उक्त जानकारी के अनुसार मौके पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन भैरमगढ़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है, जिसमें माओवादियों द्वारा गद्दार का साथ देने, सलवा जुडूम में काम करने और पार्टी की सूचना देना लिखा किया गया है।

### बिजली मीटरों में लगी आग

**जीद।** अर्बन एस्टेट कालोनी में उस समय हडकंप मच गया जब गली में खड़े बिजली के पोल पर लगे मीटर जलने लगे और इनसे धमाके की आवाज आने लगी। लोग घरों से निकले और गली में एकत्रित हो गए। एक के बाद एक मीटर जलने और आग फैलते देख फायर ब्रिगेड को फोन किया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई और आग पर काबू पाया गया। बिजली निगम को आशंका है कि मीटर से छेड़छाड़ की गई है और तभी आग लगी है।

### टॉवर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**जोधपुर।** शहर के न्यू पावर हाउस रोड पर एक बाइक अनियंत्रित होकर टॉवर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। शास्त्रीनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि डूमर बक्सर बिहार हाल बिहारी कॉलोनी बासनी निवासी रामजी यादव पुत्र शिवशंकर यादव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपने साथी बिहार हाल बिहारी कॉलोनी निवासी राजन यादव के साथ बाइक पर सवार होकर बासनी गांव से शहर की तरफ आ रहे थे।

### कार और बाइक की टक्कर में दो घायल

**शिमला।** जिला शिमला के रोहडू उपमंडल के थाना चिड़गांव क्षेत्र में रविवार की शाम एक कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को हल्की चोटें आई हैं। शिकायतकर्ता वीरेंद्र सिंह पुत्र जय चंद निवासी गांव झारकोट तहसील चिड़गांव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। गड़सरी के पास गाड़ी नंबर HP10B-8230 जिसे रजत कुमार पुत्र राज कुमार निवासी गांव क्लोटी तहसील चिड़गांव चला रहे थे।

### रोहडू में युवक पर चाकू से हमला, केस दर्ज

**शिमला।** जिला शिमला के रोहडू थाना क्षेत्र में एक युवक पर उसके ही परिचित द्वारा चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है। शिकायतकर्ता राजीव निवासी गांव करछरी तहसील रोहडू ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि रविवार देर शाम वह रोहडू में अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान कुशल सम्राट नामक व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की और चाकू से हमला करने का प्रयास किया। राजीव ने बताया कि जब वह अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहा था तभी कुशल सम्राट वहां आया।

# जापान यात्रा विकास में नए आयाम स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापान तकनीक और आर्थिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश के साथ जुड़कर कार्य करने का इच्छुक है। जापान यात्रा प्रदेश के विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 24-25 फरवरी को भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए जापान के उद्योग समूहों को नई तकनीक के साथ आमंत्रित करना जापान यात्रा का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सायंकाल नई दिल्ली से जापान के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार गरीब, महिला, किसान और युवाओं सहित सभी वर्गों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर अभियान संचालित कर रही है। शासकीय एवं निजी दोनों क्षेत्र में औद्योगिकरण, कृषि, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार का प्रयास है कि सभी को आत्मनिर्भरता के साधन मिलें, उनकी क्षमता और कौशल का उन्नयन हो और परिवारों की आय बढ़ें, इस उद्देश्य से प्रत्येक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। गत वर्ष किए गए विभिन्न प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में प्रगति कर उपलब्धियां दर्ज कराई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी प्रदेशवासी आश्वस्त है कि मध्यप्रदेश अपनी क्षमता के आधार पर आगे बढ़ेगा और देश को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर में, गांधी पार्क, एदोगावा जाएंगे, जहां वे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : फोकस मध्यप्रदेश₹ रोड-शो में सहभागिता करेंगे। इस कार्यक्रम में भारत और जापान के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और सहयोग के विषयों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टोक्यो मेट्रोपॉलिटन गवर्नमेंट भवन में गवर्नर युरिको कोइके से मुलाकात करेंगे।

### सीएम के जापान दौरे का प्रथम दिवस

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन 28 जनवरी को टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री टोक्यो (जापान) में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बैठक में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान₹ टीम के साथ भेंट करेंगे और सहयोग के विभिन्न विषयों और गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों, तकायुकी कान्नो, तोशियुकी नाकाहारा और मसाहिरोनोगी के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक करेंगे।**

# भाजपा ने सशक्त और दमदार प्रत्याशी मैदान में उतारे : अरुण साव

**रायपुर। एजेंसी**



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर में कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में सिर फुटव्वल की स्थिति है। सरेआम गाली गलौच हो रही है। साव ने कहा कि कांग्रेसी कार्यकताओं में आक्रोश दिख रहा है। मेहनती कार्यकर्ताओं को छलने का काम किया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने जनता के अधिकारों के लिए लड़ने वाली मीनल चौबे सहित अन्य को प्रत्याशी बनाया है। हमारे सभी नेता जनता के हित में काम कर रहे है।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस की टिकट वितरण को लेकर नकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं पर कई आरोप लगाए हैं। ऐसा लग रहा है कि, कांग्रेस पहले से हार मान चुकी है। और जनता कांग्रेस को घर बैठाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सवार्नुमति से विचार विमर्श करके उम्मीदवारों की सूची जारी की है। हमने सभी जगह सशक्त और मजबूत प्रत्याशी चुनाव के मैदान में उतारे हैं।

साव ने कहा कि, रायगढ़ में हमने चाय बेचने वाले जीवर्धन सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया है। वह चाय का ठेला लगाता है। इसी तरह हमने सरल और सहज प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है, जो हमेशा जनता के लिए उपलब्ध रहते हैं। भाजपा ने सभी वर्ग को ध्यान में रखकर प्रत्याशियों का चयन किया है। निश्चित रूप से पूरे छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा और निकायों में तेज गति से विकास आगे बढ़ेगा।

# रॉकेट की गति से बढ़ रहे महाकुंभ हवाई किरायों पर लगे विराम : विनोद

**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**



प्रयागराज की पावन धरा पर हो रहे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का राज्य सरकार तो पूरा ध्यान रख ही रही है, अनेक धार्मिक, सामाजिक व सेवाभावी संगठन व लोग भी निःस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे हैं। लेकिन वहीं दूसरी ओर कुछ विमानन कंपनियां यात्रियों के बढ़ती संख्या का अनुचित लाभ लेते हुए हवाई किराए में बेतहाशा वृद्धि कर अनाप-शनाप किराया वसूल रहे हैं। जो सर्वथा अनुचित और अनैतिक है।

यह अवसर आतिथ्य सेवा, समर्पण और श्रद्धा भाव से सत्कार का है ना कि अनुचित किराया वसूली का समय है। इस पर रोक लगना चहिए। यह बात सोमवार को विश्व हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कही। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां भारतीय रेल ने तीर्थराज आने तथा वहां से लौटने वाले यात्रियों के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार किया है तो वहीं अपने किरायों को भी सीमित रखा है। किंतु, विमान कंपनियों ने अपने सामान्य श्रेणी के किराए को भी 200 प्रतिशत से 700 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है जिसके कारण कुम्भ में आने और वहां से जाने वाले श्रद्धालुओं को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि रेल टिकट मिल नहीं रही और आर्थिक तंगी के कारण अनायास बेतहाशा बढ़ीं हवाई टिकट लेने में असमर्थ हैं। ऐसे में विमानन कंपनियों को अपने किराए को सीमित कर सेवाओं का विस्तार और यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

कुंभ में अभी मात्र एक माह का समय शेष है जो कि अनुचित पैसा कमाने का नहीं अपितु, अतिथि सेवा लाभ कमाने का समय है जिसका फल ये कंपनियां जीवन भर प्राप्त कर सकेंगी। इनके बीच प्रतिस्पर्धा किराया बढ़ाने की नहीं अपितु हवाई किराए को घटाने व सेवाओं के विस्तार की होनी चाहिए। यदि विमानन कंपनियां कुंभ में जाने और वहां से लौटने वाले यात्रियों की टिकट की राशि में सुचिता नहीं बरततीं, तो नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा अन्य संबंधित विभागों को इस बारे में त्वरित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बेटे योशिता को राहत, कोर्ट ने दी जमानत

**कोलंबो। एजेंसी**



श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बेटे योशिता राजपक्षे को कोलंबो की एक अदालत ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। उन्हें आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने 25 जनवरी की सुबह धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बेलिएट्टा क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पवित्रा संजीवनी ने योशितो को आज तक के लिए सीबीडी को रिमांड पर दिया था। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली मिरर की खबर के अनुसार, अदालत ने योशिता राजपक्षे की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक अन्य समाचार पत्र डेली न्यूज की खबर के अनुसार, कोलंबो की अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मंजुला रत्नायके ने लंबे विचार-विमर्श के बाद यह आदेश जारी किया। उन्हें इसके लिए दो जमानत बांड जमा कराने के होंगे। साथ ही योशिता को हर महीने के आखिरी रविवार को सीआईडी के सामने उपस्थित होना होगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले योशिता को 28 दिसंबर को सीआईडी ने तीन जनवरी को बयान दर्ज कराने के लिए ऑफिस बुलाया था। यह पूछताछ कटारगामा में सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के स्वामित्व के संबंध में की जानी थी। सीआईडी ने 27 दिसंबर को इस संबंध में महिंदा राजपक्षे के पूर्व निजी सुरक्षा अधिकारी मेजर नेविल वान्नियाराची के बयान दर्ज किए थे। सीआईडी इस भूमि के स्वामित्व दस्तावेजों में की गई हेराफेरी की जांच कर रही है।

### लेबनान और गाजा में संघर्ष विराम के बावजूद मारकाट

**बेरूत/गाजा पट्टी। लेबनान और गाजा में संघर्ष विराम के बीच मारकाट मची हुई है। लेबनान के अधिकारियों ने कहा कि इजराइली बलों ने कल दक्षिणी लेबनान में कम से कम 22 लोगों को मार डाला, जबकि गाजा में इजराइल ने फिलिस्तीनियों को उत्तर की ओर वापस जाने से रोक दिया। इजराइल का कहना है कि हमास संघर्ष विराम की शर्तों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रविवार को विस्थापित हजारों लेबनानी अपने घरों की ओर जाने वाली सड़कों पर आ गए तो इजरायली सेना ने गोलीबारी शुरू कर दी। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के झंडे वाला एक वाहन उनके सैनिकों के पास आ गया। इस वजह से गोलीबारी करनी पड़ी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस गोलीबारी में 120 से अधिक लोग घायल हो गए। लेबनान में संघर्ष विराम पर नवंबर में हस्ताक्षर हुए थे। यह तय किया गया था कि इजराइल और हिजबुल्लाह दक्षिणी लेबनान से हट जाएंगे।**

### चारपाई पर सो रहे युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**दौसा। शहर के गणेशपुरा रोड स्थित सत्कार कॉलोनी में रविवार रात चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। रात में विनोद बैरवा नामक युवक के घर पर दो युवक आए। कुछ ही देर बाद घर से रोने और चिल्लाने की आवाज आई तो पड़ोसी दौड़े। तभी घर से निकलकर दो युवक भागते हुए नजर आए। इसके बाद आस-पास के लोगों ने एक युवक को तो दबोच लिया। वहीं, दूसरा युवक फरार हो गया। जब घर के अंदर जाकर देखा तो विनोद बैरवा नामक युवक के शरीर पर जगह-जगह चाकू से वार के निशाने थे। वह लहुलूहान वहां हालात में चारपाई पर पड़ा हुआ था। मौके पर ही चाकू भी पड़ा हुआ था। वारदात के बाद आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा व कोतवाल सुधीर कुमार उपाध्याय मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया। साथ ही एफएसएल और एमओबी की टीमों को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। इसके बाद देर रात मृतक युवक के शव को दौसा जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया गया।**

# राष्ट्र और समाज का सर्वांगीण विकास ही संघ का ध्येय : दीपक

**जयपुर। एजेंसी**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक विसपुते ने कहा कि राष्ट्र और समाज का सर्वांगीण विकास ही संघ का ध्येय है। प्रत्येक स्वयंसेवक का कार्य गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी जागरण जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। विसपुते रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवीय भाग के गुणवत्ता संचलन एवं भाग एकत्रीकरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर पथ संचलन में अनुशासन और एकता का अद्वितीय प्रदर्शन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत गौरव पुरस्कार विजेता गौरव शर्मा ने अपने माउंट एवरेस्ट अभियान के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने मन के एवरेस्ट पर विजय प्राप्त कर लेता है, उसके लिए कोई भी बाधा असंभव नहीं रहती। कार्यक्रम के दौरान अनुशासित स्वयंसेवकों ने घोष के साथ संचलन करते हुए समाज के सामने संघ के उद्देश्यों और कार्यों को प्रस्तुत किया। पथ संचलन कार्यक्रम स्थल प्रताप नर्सरी से शुरू होकर कैलाश टावर, टोंक रोड, नगर निगम और विधानसभा के सामने से मुख्य मार्गों से होते हुए स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और महिलाओं की उपस्थिति रही।

# अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कोलंबिया पर कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की

**वाशिंगटन। एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कोलंबिया के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के कोलंबियाई प्रवासियों को निर्वासित करने वाली अमेरिकी सैन्य उड़ानों के प्रवेश से इनकार करने के जवाब में यह कदम उठाए हैं।

ट्रंप ने कोलंबिया से आयात पर कड़े नए टैरिफ और वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। यूएसए टुडे समाचार पत्र की खबर के अनुसार, कोलंबिया के राष्ट्रपित पेट्रो ने हथकड़ी लगे बंदियों की तस्वीरों की ओर इशारा करते हुए ट्रंप प्रशासन पर कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधियों की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका देश अमेरिका से निर्वासन उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगा जब तक कि प्रवासियों के साथ उस सम्मान के साथ व्यवहार नहीं किया जाता जिसका एक इंसान हकदार है।

दो प्रत्यावर्तन उड़ानों को कोलंबिया में उतरने की अनुमति नहीं मिलने के बारे में जानने के बाद ट्रंप ने कहा कि वह दक्षिण अमेरिकी देश से अमेरिका में आने वाले सभी सामानों पर तुरंत 25 फीसद टैरिफ लगा देंगे और एक सप्ताह के बाद इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देंगे।

उन्होंने कोलंबिया के सरकारी अधिकारियों, उनके सहयोगियों और समर्थकों के तत्काल वीजा रद्द करने और अमेरिका में यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने कोलंबिया को वित्तीय प्रतिबंध लगाने की भी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर सभी कोलंबियाई नागरिकों और कार्गो के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा निरीक्षण को बढ़ाएंगे।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा ये उपाय सिर्फ शुरूआत हैं। हम कोलंबिया सरकार को उन अपराधियों की स्वीकृति और वापसी के संबंध में अपने कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे।

**लोकआस्था** › **जगद्गुरु साईं मां से प्रभावित होकर कई विदेशियों ने लिया संन्यास**

# महाकुम्भ-2025 को विदेशी संत बता रहें है 'सनातन की शक्ति'

**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**



महाकुंभ में संतों का जमावड़ा लगा हुआ है। गंगा-जमुना-सरस्वती के संगम तट पर संत साधना में लीन हैं। एक से बढ़कर एक संतों के यहां दर्शन हो रहे हैं। कोई बेहद पढ़ा लिखा है तो कोई ध्यान में निपुण है। मेले में एक शिविर ऐसा भी है, जहां मुख्य महामंडलेश्वर से लेकर अन्य महामंडलेश्वर तक सभी विदेशी हैं। सनातन धर्म से प्रभावित होकर वह संन्यास ले चुके हैं। इनमें जापान, फ्रांस, अमेरिका, रूस और इजरायल के भी संत शामिल हैं। इसमें कई डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक भी रह चुके हैं। कुम्भ क्षेत्र में साईं मां का शिविर लगा है। मॉरीशस में एक हिंदू ब्राह्मण परिवार में जन्मी साईं मां ने अपना जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया है। जगद्गुरु की उपाधि प्राप्त करने वाली 27 सौ वर्ष पुराने विष्णुस्वामी वंश की प्रथम महिला के रूप में साईं मां महाकुंभ में अपने शिष्यों और भक्तों के साथ मौजूद हैं। साईं मां ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि वाराणसी में एक आश्रम स्थापित किया है। इसके अलावा यूएसए, जापान, कनाडा, यूरोप, इजरायल और दक्षिण अमेरिका में भी आध्यात्मिक केंद्र बनाया है। आध्यात्मिकता में पीएचडी के साथ कई बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर चुकी हैं। साईं मां के आदेश से कई शिष्यों ने आजीवन साधना और सेवा की प्रतिज्ञा ली है। उन्होंने बताया कि इनमें महामंडलेश्वर महंत 108 स्वामी परमेश्वर दास महाराज वाराणसी के स्वामी जी शक्तिधाम फाउंडेशन के आध्यात्मिक सलाहकार हैं। जगद्गुरु साईं मां के साथ वह 30 वर्षों में कई नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा चुके हैं। वे विश्वभर में पढ़ाते और प्रशिक्षित करते हैं। छह पुस्तकें प्रकाशित करा चुके हैं। मनोविज्ञान में पीएचडी की है। वहीं महामंडलेश्वर महंत 108 श्री देवी मां चिलीका सनातन की अलख जगा रहीं हैं। श्री देवी मां जगद्गुरु साईं मां की शिक्षाओं से प्रेरित हैं। वह अमेरिका के पहले आध्यात्मिक विद्यालय, विदालिनदा की संस्थापक और प्रमुख शिक्षिका हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, रीट्वीट और भारत की पवित्र तीर्थयात्राओं के माध्यम से स्पेनिश भाषी दर्शकों के साथ सनातन धर्म के उपदेशों को साझा करती हूं।

### शिविर में रह रहे 100 से ज्यादा विदेशी

**महाकुम्भ में साईं मां ने बहुत से विदेशियों को दीक्षा दी है। अभी भी उनके शिविर में 100 से ज्यादा विदेशी अलग-अलग देशों से आकर रुके हैं। वे कुम्भ के 45 दिन के कल्पवास को पूरे सनातन परंपरा के साथ जी रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उनके शिविर में एक दो नहीं बल्कि लगभग 12 महामंडलेश्वर मौजूद हैं। ये सभी विदेशी हैं। इनमें कोई इंजीनियर है तो कोई डॉक्टर, कोई साइकोलॉजिस्ट है तो कोई शिक्षक। सभी अपने फील्ड के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। सनातन और साईं मां से प्रभावित होकर उन्होंने अपना लक्ष्य बदल लिया। प्रयागराज में 2019 के कुंभ मेले में साईं मां के नौ ब्रह्मचारियों को विष्णुस्वामी वंश के अखिल भारतीय श्री पंच निमोर्ही अनी अखाड़े में महामंडलेश्वर के रूप में दीक्षा दी गई थी।**

# चमोली में स्थापित होगी एयरोस्पेस लैब, केंद्र सरकार से मिली स्वीकृति

**गोपेश्वर। एजेंसी**

चमोली जिले में जल्द एयरोस्पेस प्रयोगशाला स्थापित होने जा रही है। लैब की स्थापना के लिए केंद्र से स्वीकृति भी मिल चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव मंगेश घिल्डियाल व जिलाधिकारी संदीप तिवारी के समन्वय से प्रयोगशाला की स्थापना की कवायद शुरू पाई है।

सीमांत चमोली जिले में अंतरिक्ष शिक्षा विकास व छात्र-छात्राओं में अंतरिक्ष के रहस्यों के प्रति समझ विकसित करने में यह प्रयोगशाला अहम भूमिका निभाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने बोइंग एयरोस्पेस के साथ समन्वय स्थापित करवाया। गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पीएमओ के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल पहाड़ी जनपदों में विकास कार्यो के लिए आज भी उन्हें याद किया जाता है। आईएएस मंगेश घिल्डियाल जब टिहरी के जिलाधिकारी थे।

उस समय वह उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही आज सीमांत जनपद चमोली में अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए बोइंग एयरोस्पेस के साथ समन्वय किया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने उप सचिव का आभार भी व्यक्त किया।

